
सुप्रभात
रांची, रविवार
21.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 305 12

कार में इलियाना ने किया बेबी बंप आउट फ्लॉन्ट

## न्यूज डायरी

### इडी कार्यालय आयेंगे कारोबारी अमित अग्रवाल

**रांची।** सेना जमीन घोटाला में इडी की कार्रवाई लगातार जारी है। इसमें रांची के पूर्व उपायुक्त समेत कई जमीन कारोबारी न्यायिक हिरासत में भेजे जा चुके हैं। अब इडी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल से भी पूछताछ करेगी।

### दक्षिणी छोटानागपुर के प्रभारी आयुक्त बने मनोज

**रांची।** सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव मनोज जायसवाल को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### पाकिस्तानी एजेंटों को सात साल की जेल

**जयपुर।** भारतीय सेना की गोपनीय सूचनाएं पाक हैंडलर को भेजने के आरोप में फरवरी 2017 में पकड़ाये आरोपित सद्दीक खान, बरियाम खान और हाजी खान को जयपुर महानगर प्रथम कोर्ट ने शनिवार को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी है।

### मुंबई दंगा : टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दायर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुल बंगश मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ शनिवार को आरोप पत्र दाखिल किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

शपथ लेते ही सिद्धा सरकार एक्शन में, कर्नाटक में गृह लक्ष्मी व अन्न भाग्य योजना लागू

# विपक्ष ने फिर दिया एकजुटता का संदेश

### खड़गे, राहुल-प्रियंका, नीतीश, हेमंत, बघेल, पवार, स्टालिन, येचुरी दीपांकर, फारूक और मेहबूबा समेत तमाम विपक्षी नेता मंच पर जुटे



एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम पद की शपथ लेते ही एक्शन में आये सिद्धारमैया ने पहली कैबिनेट में ही गृह लक्ष्मी और अन्न भाग्य योजना लागू करने का आदेश जारी कर दिया। इससे महिलाओं को लाभ होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह दूसरी बार राज्य के सीएम बने हैं। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। दोनों के साथ अलावा पार्टी अध्यक्ष खड़गे के पुत्र प्रियंक खड़गे, वरिष्ठ नेता केएच मुनियप्पा, केजे जॉर्ज, सतीश जाकीहोली, रामालिंगा रेड्डी और बी जेड जमीर अहमद खान ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। बेंगलुरु में गैर भाजपा दलों के तमाम नेताओं ने एक साथ मंच साझा कर विपक्षी एकता का फिर संदेश दिया। मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल, प्रियंका गांधी, नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल के मुख्यमंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने एक मंच साझा किया।

**गृहलक्ष्मी और अन्न भाग्य योजना लागू :** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने गृहलक्ष्मी और अन्न भाग्य योजना को लागू करने का आदेश जारी कर दिया। सीएम ने यह फैसला नयी सरकार की कैबिनेट की पहली मीटिंग के बाद लिया। गृहलक्ष्मी योजना में कर्नाटक में परिवार की हर महिला मुखिया को 2000 रुपए हर महीने दिये जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### कर्नाटक फतह से विपक्षी पार्टियां उत्साहित

- देश तोड़ने वाली पार्टी को जनता ने बुरी तरह हराया : हेमंत
- भाजपा की हार की शुरुआत हो गयी है : तेजस्वी यादव

**कर्नाटक** में इस जीत से भाजपा के खिलाफ राजनीति करने वाले सभी दलों में उत्साह है। विपक्षी एकजुटता की कवायद में जुटे बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी इसे भाजपा के खिलाफ बड़ी जीत बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार तय है। विपक्षी पार्टियां कांग्रेस की इस जीत को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देख रही है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देश को तोड़ने वाली पार्टी की हार हुई है। राजद नेता सह बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा की हार की शुरुआत हो गयी है। जनता उनके झूठे वादों से त्रस्त है। उसी का नतीजा कर्नाटक में कांग्रेस की जीत है। अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और जदयू के शीर्ष नेता नीतीश कुमार विपक्षी एकजुटता का प्रयास कर रहे हैं। वह इस प्रयास के तहत खड़गे कई विपक्षी नेताओं से बात और मुलाकात कर चुके हैं। आने वाले दिनों में बिहार की राजधानी पटना में विपक्ष के प्रमुख नेताओं की एक बैठक हो सकती है।

## धोनी सेना का कमाल 12वीं बार प्लेऑफ में

■ सीएसके का दिल्ली फतह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चार बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपरकिंग्स 12वीं बार आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। अपने आखिरी लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 77 रन के विशाल अंतर से हराते ही धोनी सेना ने यह कमाल कर दिया। 32 हजार दर्शकों से खचाखच भरे अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर स्कोरबोर्ड पर तीन विकेट के नुकसान पर 223 रन टांगे। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 146 रन ही बना पायी। चेन्नई की इस सीजन 14 मैच में आठवीं जीत थी, इस तरह 17 अंकों के साथ टीम ने 12वीं बार आईपीएल में प्लेऑफ का टिकट पक्का कर लिया। दिल्ली का होमग्राउंड कोटला पर चेन्नई सुपरकिंग्स और उसके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के चाहने वालों से अटा पड़ा था। धोनी की टीम ने एकबार फिर आईपीएल प्लेऑफ में जगह बना ली है।

क्वाड देशों ने की सीमा पार से आतंकवाद की निंदा

## अगली शिखर बैठक भारत में : मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत हिंद प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) के सुरक्षा संवाद मंच क्वाड शिखर वार्ता की अगले साल वर्ष 2024 में मेजबानी करेगा। क्वाड देश के नेताओं की जापान के शहर हिरोशिमा में शनिवार को आयोजित शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की गयी। क्वाड देशों ने कहा कि परमाणु हथियारों के प्रयोग अथवा प्रयोग की धमकी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिखर वार्ता में सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की निंदा की गयी। आंतकवाद और उग्रवाद से लड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। क्वाड देशों ने कहा कि वे आतंकवादी वारदातों को अंजाम देने वाले लोगों को जवाबदेय ठहराने के लिए काम करेंगे। पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के पीएम फुमियो किशिदा, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीस के साथ क्वाड शिखर वार्ता में भाग लिया। उन्होंने कहा कि क्वाड वैश्विक भलाई, मानव कल्याण, शांति और समृद्धि के लिए प्रयास करने पर केंद्रित है। इसके पहले पीएम मोदी ने इस बैठक में कहा था कि भारत को वर्ष 2024 में क्वाड शिखर वार्ता का आयोजन करने में खुशी होगी।

(शेष पेज 11 पर)

## 16 करोड़ ठगनेवाला रांची में दबोचा गया

- शेयर मार्केट के नाम पर लोगों का ठगता था
- घोटाले को अंजाम देने के बाद रांची में छिपा था जमशेदपुर का रियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जमशेदपुर।** शेयर मार्केट के नाम पर 16 करोड़ से ज्यादा ठगी मामले में मानगो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रियान खान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रियान मानगो थाना अंतर्गत जाकिर नगर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को रांची से पकड़ा है। घटना के बाद से आरोपी रांची में छिपकर रह रहा था।

**ठगने का नायाब तरीका था :** जमशेदपुर के सहारा सिटी में रहने वाले रेहान नामक युवक पर आरोप है कि वह शेयर मार्केट में पैसा लगाने का झांसा देकर लोगों से पैसे ऐंठता हैं। इस युवक ने ठगी करने के लिए ऑफिस तक खोल रखा था और उसने कुछ कर्मचारी भी रखे थे।

(शेष पेज 11 पर)






## स्पीड न्यूज

### समर कैंप में बच्चों ने देखा भूतहा घर



मेदिनीनगर। नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में हॉन्टेड हाउस (भुतहा घर) कार्यक्रम समर कैम्प में बच्चों की डिमांड के बाद दूसरी बार वृहद रूप में और भी डराने तरीके से किया जा रहा है। जिसमें स्कूल को एक भुतहा हवेली का रूप दिया जाएगा। स्कूल की प्राचार्य रेणु गोयल ने बताया कि इस तरह के प्रोग्राम आपको बड़े शहर के मॉल में टिकट लेकर देखने को मिलते हैं। हमारे स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मिलकर परफॉर्म करेंगे। निदेशक राजीव गोयल ने आग्रह किया कि कमजोर दिल वाले इस कार्यक्रम को न देखें। यह प्रोग्राम सिर्फ समर कैम्प में भाग लेने वाले बच्चे और उनके अभिभावक ही देख सकते हैं। कैंप का समापन 23 को पूल पार्टी के साथ किया जाएगा।

### विश्रामपुर पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर पुलिस ने पुराने मामले में फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि हाथी टोला निवासी बिगन भुइयां व सुकन भुइयां पर एक पुराने मामले में गिरफ्तारी का वारंट न्यायलय द्वारा जारी किया गया था। दोनो कई माह से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर दोनो को उसके घरों से गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्रवाई करते हुये दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वर्ष 2016 में 2000 का नोट लाना मूर्खतापूर्ण निर्णय था : पूर्णिमा



मेदिनीनगर। कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय ने कहा कि वर्ष 2016 में दो हजार रूपये का नोट लाना पीएम नरेंद्र मोदी का मूर्खतापूर्ण निर्णय था। उन्होंने कहा कि उस समय पीएम ने कहा था कि दो हजार का नोट लाने से भ्रष्टाचार बंद होगा। अब वे कह रहे हैं कि 2000 का नोट बंद करने से भ्रष्टाचार खत्म होगा। देश के तमाम अर्थशास्त्री मिल कर भी आज तक 2000 के नोट को चालू करने का एक फायदा भी नहीं ढूंढ़ पाये। हालांकि, कर्नाटक चुनाव में हार का साइड इफेक्ट व चर्चा में बने रहने के लिए साहेब को अब 2000 का नोट बंद करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश को पढ़ा लिखा प्रधानमंत्री होना चाहिए।

### किसान संघ के नेता को मातृ शोक




हुसैनाबाद पलामू। शहर के कुर्मी टोला पटेल नगर निवासी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अरुण कुमार चौधरी, भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री अनुज कुमार चौधरी की माता राजवंशी देवी, 90 वर्ष का निधन शनिवार बीते रात्रि करीब 10 बजे हो गया। आपको बतादे की राजवंशी देवी काफी समय से बीमार चल रही थी वे अपने पीछे पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करनेवालों में विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जीप सदस्य राजू मेहता, लालन कुमार सिंह, वीनोद कुमार सिंह, शशी कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन जी, बहन उषा देवी, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल के साथ संघ परिवार ने शोक व्यक्त किया हैं।

### कलश शोभा यात्रा के साथ तोलरा में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ निकली विशाल कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो श्रद्धालु के जय श्रीराम व भगवान लक्ष्मी नारायण के उदघोष से क्षेत्र में भक्ति की धारा प्रवाहित हो उठी। सैकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुष कलश के साथ कतारबद्ध होकर पैदल चलकर गांव की आराध्य देव स्थल शोखा बाबा परिसर पहुंचे। वहां पूजन करने के बाद कोयल नदी पहुंचे। वैदिक मंत्रों चारण के बीच कलश में जलभरकर श्रद्धालु वापस यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य ब्रहमदेवाचार्य ने पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना कराई। कलश स्थापना के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो गया। महायज्ञ के दौरान ही नव निर्मित विष्णु मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा कराई जायेगी। कलश यात्रा में बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, ओम प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडे, मुखिया रोहित तिवारी, मखीरन तिवारी, कुश तिवारी, राहुल दुबे, विनय तिवारी, अनुज तिवारी, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, कौशल मिश्रा, संजय तिवारी, बृजनंदन तिवारी, राजीव तिवारी, रामनिवास तिवारी, योगेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना में भेंडर ने लाभूक को दिए बीमार बकरी, मौत



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत कटैया पंचायत के कुरहत गांव निवासी हनीश अंसारी के पत्नी सैरा बानो को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के भेंडर सप्लायर द्वारा 4 बकरी तथा 1 बकरा रोग ग्रसित दे दिया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुक सैरा बानो ने बताया कि बीते 10 मई को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर बुलाकर उसे भेंडर द्वारा बीमार पशु दे दिया गया। पीड़िता ने बताया कि एक तो वह गरीब लाचार व्यक्ति है। उस पर उसका पति हनीश अंसारी दोनों आंख से अंधे हैं। वह बीमार बकरी मिलने से काफी दुखी है। सभी बीमार बकरियों का इलाज करवाने के बावजूद एक बकरी की मौत हो गई। जबकि अन्य बकरियां की स्थिति भी काफी खराब है। मालूम हो कि झारखंड सरकार के द्वारा 90 प्रतिशत सब्सिडी पर उक्त पशु की आपूर्ति की गई है। योजना के लाभ के लिए लाभुक द्वारा 2480 रुपए भुगतान दिया गया है। आपूर्ति के वक्त भी सभी बकरी को सर्दी खांसी और दस्त के साथ बुखार लगा हुआ था। इस बात की जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारी भेंडर सप्लायर को देने के बावजूद जबरन बकरी दे दिया गया। मालूम हो कि लाभुक काफी निर्धन, गरीब के साथ लाचार बेबस व्यक्ति है। आर्थिक इनकम का कोई स्रोत नहीं है। उसने सरकार से मुख्यमंत्री पशुधन योजना में हुए गड़बड़ी को जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं हरिहरगंज प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ दीनबंधु गुप्ता ने बताया कि उक्त लाभुक को मरे हुए बकरी के जगह दूसरी बकरी दी जाएगी। शेष बकरियों को इलाज किया जाएगा।


### अनुसूचित जाति महासभा ने दुष्कर्म की घटना की निंदा की

हरिहरगंज पलामू। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में पिछले दिनों अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना का अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने कड़ी निंदा की है। महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद ने कहा कि इस तरह की घटना समाज के लिए शर्मनाक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## हुसैनाबाद के झरगड़ा में नाबालिग छात्रा के साथ सामुहिक दुष्कर्म मानवता को शर्मसार करने वाली घटना : सांसद

प्रशासन अविलंब दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दें : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड के ग्राम पंचायत झरगड़ा में 16 वर्षीय अनुसूचित जाति की नाबालिग छात्रा (कक्षा 9वीं) के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस घटना की जितनी निंदा की जाय, कम होगा। सांसद बिष्णुदयाल राम ने प्रशासन से अविलंब दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को कहा है। 18 मई को उक्त नाबालिग छात्रा के परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने सतबहिनी गए हुए थे तथा घर में छात्रा अकेली खाना बना रही थी। उक्त सूचना पाकर ग्राम झरगड़ा के 6 युवकों ने छात्रा का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ-साथ मारपीट की एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा विडियो भी बनाया। पीड़ित छात्रा की मां ने हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। आज के सभी दैनिक अखबारों में उक्त घटना प्रमुखता से प्रकाशित भी हुई है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है तथा पलामू जिले के शासन-प्रशासन पर भी बदनुमा दाग है। उक्त पीड़ित परिवार के द्वारा नामजद अभियुक्तों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अभियुक्त को ग्रामीणों ने ही पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगी हैं। सांसद राम ने उक्त मामले में झारखंड के डीजीपी, जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अविलंब कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

अविलंब दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई करते हुए मामले की जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कष्ट करे। इस कांड में दोषियों को ऐसी सजा मिले, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पूनरावृति समाज में न हो सके।

## धार्मिक कार्यो से आती है समृद्धि व शांति : पुष्पा देवी

महायज्ञ को लेकर बरडीहा में निकली कलश यात्रा

यज्ञ से प्रसन्न होते हैं देवता : रामदास साहु

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। प्रखंड के ग्राम बरडीहा में मंदिर स्थापना शाह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटन-छतरपुर विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी, विशिष्ट अतिथि रामदास साहू मौजूद थे। मुख्य यजमान कुंदन दुबे एवं संध्या देवी विधायक के साथ कलश लेकर इस कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि धार्मिक कार्यों से क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति आती है। ऐसे आयोजन में लोगों को शामिल होना हर्ष की बात है। मौके पर व्यवसायी रामदास साहु ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ मंडप से निकला धुआं से रोगों का नाश होता है। यज्ञ से देवता काफी प्रसन्न होते हैं। कलश यात्रा में दो घुड़सवार आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं के जय श्री राम के उदघोष से क्षेत्र राममय हो गया। कलश यात्रा में जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, किशनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, पूर्व मुखिया धीरेंद्र उपाध्याय, पाटन प्रमुख शोभा देवी, आनंद सिंह, गुड्डू सिंह, कुछ सिंह, ब्राह्मण समाज के संचालनकर्ता विनोद उपाध्याय, कृष्णा उपाध्याय, गोपाल दुबे, बलराम दुबे, बचन उपाध्याय, राजन उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी नीलम कुमारी, जिला विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, सिरमा मुखिया पति राकेश दुबे, बबलू उपाध्याय समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिये।

# तीस जून तक विद्युत उपभोक्ता बिजली बिल जमा कर सरचार्ज माफ करायें : डीडीसी

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से जिले के आमजनों को जागरूक करने को लेकर जागरूकता रथ रवाना

सुनहरा अवसर का लाभ उठायें उपभोक्ता : कार्यपालक अभियंता

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। कृषि व घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल पर राहत देने के उद्देश्य से बिजली विभाग की ओर से चलायी जा रही वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से जिले के आमजनों को जागरूक करने को लेकर शनिवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त रवि आनंद व विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों कोवन टाइम सेटलमेंट स्कीम के संबंध में जागरूक करेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने आमजनों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जून तक आमजन विद्युत उपभोक्ता जाकर अपना बिजली बिल जमा करने के साथ ही अपना डिले पेमेंट सरचार्ज माफ करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता का लंबे समय से बिल बकाया है और वर्तमान समय में उसके बिजली बिल की राशि चक्रवृद्धि ब्याज समेत मोटी रकम बकाये के तौर पर बढ़ गयी है तो वैसे उपभोक्ताओं के लिए यह सुनहरा अवसर विद्युत विभाग द्वारा प्रदान किया गया है।

विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बिल में ब्याज की माफी अधिकतम 5 किस्तों में की जायेगी। शहरी व ग्रामीण श्रेणी अंतर्गत 5 केवी तक कृषि/सिंचाइ श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी लाभ दिया जाएगा साथ ही कृषि, सिंचाई बकायादार लीगल नोटिस नीलामवाद परिवाद वाले उपभोक्ताओं को भी इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

### क्या है वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम

**टाइम सेटेलमेंट स्कीम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बकाए बिजली बिल के ब्याज यानी डीपीएस को माफ किया जायेगा। ब्याज राशि मासी के उपरांत लंबित बिजली बिल की राशि अधिकतम 5 किस्तों में कोई भी ग्रामीण उपभोक्ता जमा करा सकते हैं या कोई उपभोक्ता एक ही बार में जमा दे सकते हैं। इसके साथ ही कृषि कनेक्शन के बकाया राशि को जमा करने पर भी ब्याज में छूट प्रदान किया जायेगा।**

## हुसैनाबाद की घटना माफी के काबिल नही दोषियों को कड़ी सजा मिले : कमलेश

नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़े शब्दो में निंदा की है

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़े शब्दो में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि मामले के दोषी युवकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ हुसैनाबाद को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। घटना को लेकर वह काफी दुखी हैं, लगातार नजर बनाए हुए हैं। पीड़िता के स्वास्थ्य पर भी नजर बनाए हुए है।

उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उसका ऑपरेशन भी सफल हो गया है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्हे न्याय दिलाने के साथ साथ हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने इस मामले को लेकर एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान को पल पल नजर बनाए रखने की हिदायत की है।

## रेहला के दीक्षित मुहल्ला में विवाहिता का संदिग्धावस्था में मिला शव

मायके वालों ने गला घोंटकर हत्या करने का लगाया आरोप

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घर के सभी सदस्य फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाने के दीक्षित टोले में शुक्रवार की रात एक विवाहिता का शव उसके घर के आंगन से संदिग्धावस्था में मिला है। ससुराल वालों की माने तो महिला ने आत्महत्या की है। जबकि मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर गला घोंटकर मारने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला दीक्षित मुहल्ला निवासी मंजीत दीक्षित की पत्नी सुरभी देवी (26) का शव संदिग्ध अवस्था में घर के आंगन में पड़ा हुआ था। ससुराल वालों के अनुसार सुरभि ने फांसी लगा ली थी। उसे फंदे से उतरकर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों ने बताया कि मृतका के पति नशे की हालात में उसके साथ हमेशा मारपीट करता रहता था। जिससे वह तंग आ गयी थी। जिसके कारण पति पत्नी में हमेशा विवाद हुआ करता था। विवाद के कारण सुरभी कई बार अपने मायके चली गयी थी। बाद में समझौता के तहत रेहला आयी थी। मृतका के दो छोटे बच्चे भी हैं। मायके वालों ने आरोप लगाया की ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

## शिवलिंग, हनुमान प्रतिमा तथा ग्रामदेवी माता की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली जलयात्रा



**हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के बेलोदर में भगवान शंकर, भगवान हनुमान तथा ग्राम देवी माता के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को जल यात्रा निकाली गई। बाजा- गाजा के साथ जल यात्रा भ्रमण करते हुए बटाने नदी हरिहरगंज घाट पर पहुंची। जहां मुख्य यजमान खाप कटैया पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के अलावे सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा। बाद में नवनिर्मित मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। सभी अनुष्ठान कार्य बनारस से आए पुरोहित दिनेश पाठक व अन्य द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। मालूम हो कि उक्त कार्यक्रम बजरंग दल, बेलोदर के तत्वावधान में संपन्न कराया जा रहा है। बजरंग दल के अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 24 मई को प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 को भंडारा का आयोजन होगा। जल यात्रा में राघव सिंह, सीताराम सिंह, बृजेश सिंह, अनुज सिंह, सुदय सिंह, मनोज, संजय सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थें।**

## गाय पालन एवं केचुआ खाद निर्माण का प्रशिक्षण शुरू



मेदिनीनगर। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा पोखराहा खुर्द में शनिवार को 10 दिवसीय गाय पालन एवं केचुआ खाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन आरसेटी के वरीय संकाय जितेन्द्र मेहता तथा संकाय जयंत चक्रवर्ती ने किया। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए जितेन्द्र मेहता ने कहा कि रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गाय पालन एवं केचुआ खाद निर्माण का प्रशिक्षण का लाभ उठाकर प्रतिभागियों को स्वरोजगारी बनना चाहिए। महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें। जरुरतमंदो को स्वरोजगार करने के लिए बैंक से यथासंभव ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण में पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर तथा बिश्रामपुर के 30 प्रतिभागियों को गाय पालन एवं केचुआ खाद निर्माण का उद्यमी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान के सहायक मणिकांत दुबे, मनोज चौधरी, संजय राम सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## नोटबंदी का फैसला गलत, देश में हो गई थी आर्थिक नाकेबंदी : रूचिर



मेदिनीनगर। मोदी सरकार ने अपने प्रथम कार्यकाल में ही नोट बंदी लागू किया जिसमें 500 और 1000 के पुराने नोट बंद करके नया नोट 2000 का चालू किया लेकिन मोदी सरकार का नोटबंदी देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। उक्त बातें भाकपा के रूचिर तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि हजारों फैक्ट्रियां कंपनियां बंद हो गई यहां तक की लाइन में लगकर सैकड़ों गरीब मजदूर मेहनतकश लोगों की मृत्यु हो गई और देश के काले धन के व्यवसाय और बड़े कारपोरेट ओ को नोटबंदी के माध्यम से काले धन को सफेद करने का एक बड़ा मौका मोदी जी ने दिया। देश के आम जनता का भारी नुकसान हुआ इसके लिए सार्वजनिक तौर पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को आम जनता से माफी मांगना चाहिए कि हमसे बहुत बड़ी भूल हो गई थी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म शर्मनाक : महासभा

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने पुलिस प्रशासन से नाबालिग के साथ दुष्कर्म में शामिल अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। महासभा की अध्यक्ष किरण प्रसाद ने नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना को शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची अनुसूचित जाति की है। महसभा ने कहा कि इसमें संलिप्त दोषियों को कड़ी सजा प्रशासन दिलाये। कहा कि यह घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से लगभग 24 किमी दूर है। महासभा ने कहा कि अपराधियों के उपर पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें प्रशासन शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजे। प्रशासन अगर अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करेगी तो महासभा सड्क पर उतरने को बाध्य होगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के 1 आरोपी को जेल

### राजनीतिक व सामाजिक व्यक्तियों ने की निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। जिले हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में बीते दिन नाबालिग किशोरी के साथ छह युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा। इस मामले थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि अन्य आरोपियों को भी बक्शा नही जाएगा सभी के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी हैं। पुलिस रैकिंग कर छापामारी कर रही हैं। इधर इस मामले में सभी राजनीतिक पार्टी व कई नेताओं ने घटना की निन्दा करते हुए सरकार और सिस्टम पर सवाल कर रहे हैं। भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष रामेश्वर राम ने हेमन्त सरकार के राज बेटियों की सुरक्षा पर सवाल उठाया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह हर मामले में विफल हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान ने भी सभी आरोपियों को जल्द पकड़ने की प्रशासन से आग्रह किया है।

नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने भी इस घटना पर निंदा व्यक्त किया हैं और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। वही जिप सदस्य उतरी राजू मेहता ने कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो और आरोपी को सजा भी कठोर हो जिससे हमारे हुसैनाबाद में बेटियां पर कोई बुरी नजर नहीं डाले।

## भाजपा उंटारी रोड प्रखंड की बैठक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



उंटारी रोड पलामू। ग्राम भदूमा के शिव मंदिर के प्रांगण में भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य वेद प्रकाश शर्मा ने माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की। बैठक में महा जननसंपर्क अभियान जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक चलाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील ठाकुर ने की। मौके पर उपाध्यक्ष, मानदेव शाह, राजाराम मेहता, महामंत्री सुनील तिवारी, रघुवीर सिंह, सूरज कुमार विश्वकर्मा, पवन गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, लव कुमार सिंह, अंतू राम, बबन ठाकुर, ओम प्रकाश मेहता, आशा देवी, गोपाल दिक्षित, अखिलेश दीक्षित अरविंद कुमार मेहता, प्रेम दीक्षित,राजन दीक्षित रुपेश दीक्षित, आशुतोष दीक्षित, गिरवर दीक्षित, धर्मेंद्र दीक्षित, छोटू दुबे, अभय कुमार, गुड्डू चंद्रवंशी, एवं अजीत चंद्रवंशी शामिल थे।

## डबल बिजली कनेक्शन और गलत बिजली बिल से परेशान हैं गरीब किसान : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के जनता इन दिनों बिजली विभाग के मनमानी से परेशान हैं।

डबल बिजली कनेक्शन, गलत बिजली बिल, बंद पड़े मीटर के कारण आम जनता गरीब किसान सभी त्रस्त है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड ने ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के निराकरण हेतु आग्रह किया था। लेकिन बिजली विभाग ने इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों गांव में इस प्रकार की समस्या हमारे सामने रखी जा रही हैं। हुसैनाबाद प्रखंड के डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम ईटबांध के लगभग सभी घरों में बिजली विभाग के द्वारा डबल कनेक्शन कर दिया गया है और बिल वसूली करने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। बंद पड़े मीटर को ठीक कराने के लिए ग्रामीणों ने बिजली विभाग को आवेदन दिया था लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई।

किसान ब्रिगेड के माध्यम से ग्राम ईटबांध के लगभग 20 से 25 लोगों का आवेदन बिजली विभाग कार्यालय में विद्युत कार्यपालक अभियंता को देकर डबल बिजली कनेक्शन को सिंगल करने तथा खराब पड़े मीटर को चालू कराने का आग्रह किया गया हैं। जिससे सरकार द्वारा 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ आम उपभोक्ता को मिल सकेगा।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारीयों को चेताया कि इस आवेदन पर ससमय कार्यवाही नहीं की गई तो किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में बड़ा जन आंदोलन कर इसका विरोध प्रकट करेगी। मौके पर किसान ब्रिगेड के सदस्य बुटन यादव, अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह, सुभाष कुमार तथा रजनीश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## जन कल्याणकारी कार्यो की जानकारी लोगों तक पहुंचायें : अविनाश वर्मा

भाजपा सतबरवा मंडल की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सतबरवा में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने किया। प्रभारी के रूप में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 30 मई से 30 जून तक अर्थात एक महीने तक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षो के कार्यकाल में किए गए जन कल्याणकारी कार्यों की जानकारी घर-घर में जाकर लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 6 सदस्यीय टोली का गठन मंडल स्तर पर किया गया। मौके पर बैठक के प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अग्रसर विकास की ओर बढ़ रहा है तथा सुरक्षित है। केंद्र की सरकार कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। मौके पर आनंद कुमार, रवि प्रसाद ,सुरेंद्र प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, सोनू सिकंदर, आशीष सिन्हा, विपिन उपाध्याय, संत ज्ञान शुक्ला, अनुज चंद्रवंशी, ज्योति सिंह, मनोज सिंह, संदीप कुमार, चंचल कुमार, विकास तिवारी, सुदेश्वर राम, दिनेश साव, गुड्डू सिंह, अनिल सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पत्रकार पर गोली चलाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर किया धरना प्रदर्शन

# पत्रकारों ने निकाली आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है आए दिन पत्रकार पर झूठा मुकदमा, जन से मारने की धमकी , ऐसे कई मामले को लेकर आज धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों ने हाथ पर हाथों में तख्तियां लिए और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने का मांग किया है आपको बताते चले कि विगत दिन बलियापुर के रहने वाले प्रवीर महतो को अज्ञात अपराधी के द्वारा गोली मार दी गई थी।

इसी मामले को लेकर शनिवार को जिले के पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर झरिया से आक्रोश रैली निकाला जो झरिया धनबाद बैंक मोर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। इस आक्रोश रैली में धनबाद के पत्रकार झरिया प्रेस क्लब के पत्रकार कतरास प्रेस क्लब के पत्रकार बलियापुर सिंदरी के पत्रकार शामिल हुए एवं सभी ने एक स्वर में धनबाद जिला प्रशासन के खिलाफ कोयला माफियाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं पत्रकार पर गोली चलाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसको लेकर पूरे जिले के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह धनबाद भाजपा विधायक राज सिन्हा तथा कई भाजपा के लोग शामिल हुए। वही मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी ने कहा कि इस सरकार में पूरी तरह से कानून व्यवस्था चौपट हो गई है अब लोकतंत्र को भी निशाना बनाया जा रहा है भाजपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी साथ ही उन्होंने कहा पत्रकार की आगे की लड़ाई में साथ देने की बात कही अखबार के संपादक गणेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकार मर जाएगे शहीद हो जाएगें लेकिन कलम नहीं रुकेगी। जहां तक होगा आगे की लड़ाई लड़ा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हम शहीद हो जाएंगे लेकिन पत्रकारों का साथ नहीं छोड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि माफियाओं के खिलाफ लिखना बंद नहीं करेंगे। इसके साथ ही झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से पत्रकार सुरक्षा का मांग किया है। मौके पर झरिया प्रेस क्लब के बंटी जायसवाल वरिया संपादक गणेश मिश्रा कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान महामंत्री बिनोद रजक निकेश पांडे मो शाहनवाज मो कलाम, मनोज कुमार रतन अग्रवाल रविंद्र प्रसाद उत्तम श्रीवास्तव सुजीत कुमार समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।

## पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

रिम्स में इलाजरत बलियापुर के पत्रकार प्रवीर कुमार महतो को गोली मारे जाने के मामले में उनके फर्द बयान पर बलियापुर थाना में गुरुवार 18 मई को प्राथमिकी दर्ज किय गया है। जानकारी के मुताबिक दर्ज प्राथमिकी में राजू महतो एवं धनु गोराई को इस कांड का साजिशकर्ता बताया गया है। इनके इशारे पर ही अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिए जाने की बातें कही गई है। बलियापुर पुलिस उल्लेखित साजिशकर्ता में से एक धनु गोराई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी पंकज बर्मा इस मामले का जल्द उद्भेदन करने का दावा कर रहे हैं।

## एक नजर में

### शीतला माता मंदिर में दो दिवसीय पूजा अर्चना प्रारंभ

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में शनिवार से दो दिवसीय माता शीतला देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना प्रारंभ हुई व संध्या में प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। वहीं दूसरे दिन शीतला माता की पूजा अर्चना के साथ भजन संध्या व खीर भोग प्रसाद के रूप मे वितरण किया जाएगा। शीतला मंदिर के कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह शीतला माता मंदिर जो चिरकुंडा क्षेत्र में एक मात्र मंदिर है जिसमे पूजा विगत 50 वर्षो से होती चली आ रही है व इस बार पचासवां साल है।

### कोयलानगर में समर कैम्प का समापन

**धनबाद।** शनिवार को डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कोयलानगर में समर केम्प का समापन हुआ। आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, डांस एंड म्यूजिक पर समर कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रोबोटिक पर भी बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे अटल टिनकेरिंग लैब के शिक्षक बालकिशोर सिंह ने बच्चों को रोबोटिक एवम नई तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी। रोबोटिक्स केम्प पर विद्यालय के 65 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के शिक्षक बी.के. सिंह ने बताया कि आगे दिनों में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न तकनीकी शिक्षा जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग जैसे विषय की भी जानकारी एवं प्रशिक्षण दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव ने विशेष प्रशिक्षण के लिए विद्यालय के शिक्षक सचिन कुमार एवं बी. के. सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

### विविएमकेयू मे 28 दिनो की जगह अब होगी 20 दिनो की गर्मी छुट्टी

**बेरमो।** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में अब केवल 20 दिनो की ही गर्मी की छुट्टियां होगी। विश्वविद्यालय ने अपने अवकाश कैलेंडर मे संशोधन किया है। इसके अनुसार एक जून से गर्मी छुट्टी होगी। पहले यह छुट्टी 22 मई से 19 जून तक 28 दिनों के लिए होने वाली थी। मगर विवि में छुट्टियों में यह कटौती महामहिम राज्य पाल की दखल के बाद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया गया है। दुर्गा पूजा की छुट्टी मे भी होगी कटौती, दिवाली और छठ की छुट्टी मे कोई कटौती नहीं - विवि ने अक्टूबर में होने वाली दुर्गा पूजा की छुट्टी मे कटौती कर दी है। दुर्गा पूजा मे इस वर्ष केवल छह दिनो का ही अवकाश दिया जायेगा। छुट्टी मे यह कटौती भी राज्य भवन की दखल के बाद की गई है। विवि में कैलेंडर मे पहले आठ दिनों की तुलना में दो दिन छुट्टी कम मिलेगी। वही दिवाली और छठ की छुट्टी मे कोई कटौती नही होगी।

### स्वर्गीय केदार सिंह के स्मृति में सुभाषनगर मे हुआ प्याऊ का उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो नप के सुभाष नगर स्थित सुभाष चौक के समीप स्वर्गीय केदार सिंह, स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह, स्वर्गीय कृष्णा सिंह एवं स्वर्गीय घुरेन्द्र सिंह सहित पूर्वजों के स्मृति में प्याऊ का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर राहगीरों को गुड़-चना खिलाने के साथ ठंडा पेयजल भी पिलाया गया। उद्घाटन करते हुए श्रमिक नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा का आज वैसे लोगों की जरूरत है जो भीड़भाड़ वाले जरूरी स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था कर सकें। कहा कि प्याऊ का शुभारंभ होने से आसपास के दुकानदारों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालको, सब्जी विक्रेता एवं राहगीरों को जल संकट से निजात मिलेगी। प्याऊ की व्यवस्था के संचालक शुभम सिंह ने कहा कि मेरी इच्छा है, कि क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर ऐसी व्यवस्था कराई जाए। ताकि राहगीरों को पीने योग्य शीतल और शुद्ध जल की कमी नहीं हो। इस अवसर पर राणा सिंह, शेखर सिंह, पंकज सिंह, गोलू सिंह, पवन सिंह, दिलीप सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### प्रजापति समाज की हुई बैठक

**बेरमो /गोमिया।** बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखण्ड समिति झारखण्ड प्रजापति कु० महासंघ कार्यकारणी की बैठक होसिर, भोलाडीह स्थित प्रजापति कला भवन में अध्यक्ष शेखर प्रजापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रजापति समाज उत्थान एवं समाज के लोगो को दशा और दिशा में परिवर्तन लाने के लिए सर्वसहमति विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से देवनारायण प्रजापति, अध्यक्ष शेखर प्रजापति, उपाध्यक्ष तारमेश्वर प्रजापति, महावीर प्रजापति, बसंत प्रजापति, सचिव बालमुकुंद प्रजापति, उपसचिव नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद, अशोक प्रजापति, दिनेश प्रजापति, सुनील प्रजापति आदि उपस्थित थे ।

### आखिर कार पुलिस को करनी ही पड़ी कोयला चोरो के विरुद्ध कार्रवाई

**बेरमो / जारंगडीह।** पिछले लंबे समय से बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना कांटा घर समीप कोयला चोरो का आतंक प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आखिरकार स्थानीय पुलिस प्रशासन को आज अहले सुबह कार्यवाही करनी ही पड़ी। जिस कार्यवाही में तीन मोटरसाइकिल के साथ साथ एक कोयला चोर को भी धर दबोचा गया। जप्त बाइक और पकड़े गए कोयला चोर को पुलिस अपने साथ थाने ले गई। बताता चलू कि जारंगडीह मे कोयला चोरो का हौसला बुलंद है कि कांटा करवाने आने वाले लोड हाइवा से कोयला चोर कोयला जबरन उतार लेते है और विरोध करने वाले चालक व उपचालक के साथ यह कोयला चोर मार पीट तक कर डालते हैं। कांटा घर पर सीसीएल की कम सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के कारण ये लोग मुक दर्शक बने देखता रह जाता है। बहरहाल बोकारो थर्मल पुलिस की कार्रवाई से जहां एक ओर कोयला चोरो मे डर का माहौल है वही हाइवा चालक शांति और सकुन महसूस कर रहे है। इस छापेमारी अभियान में बोकारो थर्मल के शस्त्र बल के अलावे जारंगडीह के सीसीएल व होम गार्ड के जवान शामिल थे।

### सफाई कर्मी रामेश्वर की मौत पर मुआवजे की मांग

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पुर्वी पंचायत के तेतरियाटांड स्थित में संचालित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में कार्यरत 55वर्षीय सफाई कर्मी रामेश्वर यादव उर्फ ठुकरू यादव की मौत हो गई।घटना शुक्रवार सुबह11 बजे के आसपास की है। मृतक सफाई कर्मी जिरोपोइंट के निवासी हैं। मौत की खबर से पत्नी सहित परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल हैं। सफाईकर्मी की असामयिक मौत की मामले पर उग्र ग्रामीणो ने शव को लेकर परिजनों साथ पंप परिसर का घेराव करते हुए मुआवजा सहित एक आश्रित को पंप परिसर में नोकरी की मांग को लेकर घँटों डंटे रहे। परिजनों के अनुसार रामेश्वर यादव उर्फ ठुकरू पेट्रोल पंप में पिछले 15 दिनों से पंप में साफ सफाई का कार्य करता था। रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी साफ सफाई के लिए पेट्रोल पम्प निकला था। और साफ सफाई दौरान पम्प परिसर में उनकी अचानक मौत हो गई। इस घटना के खबर मिलने पर गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन अपने दल बल के साथ पम्प पहुंच घटना की जानकारी ली। इस घटना की खबर सुनकर भाजपा के वरिष्ठ नेता देवनारायण प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, जीप अध्यक्षा प्रतिनिधि सुधीर ठाकुर और विधानन्द प्रसाद, वार्ड सदस्य कुंदन कुमार, ओबीसी युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमन कुमार, मोहन नायक, कार्तिकचरण प्रसाद, कुलदीप राम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव को लेकर परिजनो ने पंप परिसर में डटे रहे। इधर पंप मालिक से फोन पर पूछे जाने पर मुआवाजा हेतू सहयोग करने की बात कही है।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई विशाल कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री श्री 108 शिव मंदिर एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ को लेकर मंदिर प्रांगण से शनिवार को विशाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा एवं विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या मे श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर लगभग 1 किलोमीटर दूर मां लिलोरी स्थान के मंदिर में कतरी नदी घाट से सभी महिलाओं ने कलश मे जल भरा। बताते चले कि श्री श्री 108 शिव मंदिर एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ जो दिनांक 20 मई 2023 से लेकर 25 मई 2023 तक आहूत है। कलश यात्रा मे मुख्य रूप से यज्ञ समिति के सचिव कमलेश सिंह उपाध्यक्ष वीरू हजारी गणेश हजारी, पंकज सिंह अशोक सिंह बिरजू शर्मा कैलाश हजारी कुलदीप सिंह. किशोर हजारी नंदकिशोर हजारी महेंद्र रवानी बाबू हजारी सोनू हजारी बिट्टू गोप पंकज हजारी सूर्यदेव भट्ट सौरभ रवानी पवन हजारी अभिषेक हजारी संतोष गोप पाल विश्वकर्मा राकेश हजारी संतोष हजारी गुड्डू हजारी सुभाष शर्मा बैजू शर्मा संटू लाला आदि मौजूद रहे।

## अहीर रेजिमेंट को पुनः सेना में किया जाए शामिल : जयराम सिंह

**सिंदरी।** स्वजातीय गैरराजनीतिक संगठन संयुक्त अहीर रेजिमेंट के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जयराम सिंह ने अपने एसीसी कॉलोनी सिंदरी स्थित आवासीय कार्यालय में शनिवार को कहा कि अहीर रेजिमेंट को भारतीय सेना में पुनः शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदुवंशियों का इतिहास 1962 में रेजांग ला की जंग में देश ने देखा है। उन्होंने भारत सरकार से माँग की है कि जाँबाज अहीर सैनिकों की बहादुरी के इतिहास को देखते हुए सेना में अहीर रेजिमेंट को पुनः स्थापित किया जाए। बताते चलें कि ब्रिटिश काल से ही युद्ध में हिस्सा लेने वाली विभिन्न जातियों को भारतीय थल सेना में जातियों के नाम से विभिन्न रेजिमेंट बनाए गए। इसको लेकर विगत 15 मार्च को सांसद दिपेंद्र सिंह हुड्डा ने अहीर रेजिमेंट को सेना में शामिल करने की बात संसद में उठाई थी। मध्यप्रदेश के काँग्रेस नेता अरुण यादव ने भी इसकी माँग की है।

## झामुमो ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया स्थगित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 के महाप्रबंधक के साथ झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी के साथ शनिवार को महाप्रबंधक कार्यालय में हुई वार्ता के बाद एसटीजी डेको जेभी आउटसोर्सिंग कंपनी में 21 मई 2023 को आयोजित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया गया है। अजमुल अंसारी ने बताया कि महाप्रबंधक ने उनसे समय मांगा है उनकी 3 सूत्री मांग स्थानीय लोगों को 75% रोजगार पानी,बिजली तथा क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने आदि मांगों पर वार्ता हुई। वार्ता के बाद तत्काल आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। महाप्रबंधक ने बताया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई वार्ता में उनकी मांगों को शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के हराधन रजवार, नकुल चंद्र महतो, सपन बनर्जी,धीरेंद्र रवानी, प्रवीण कुमार लाला, उमाशंकर, मो शकील अहमद, नाथ मुनि दुबे, मनोरंजन दसौंधी, दिलीप मिश्रा जबकि प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जीसी साहा,क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी अमित कुमार, परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## टुंडी विधायक के भांजा विशाल महतो के असामयिक निधन से शोक की लहर

**धनबाद।** प्रीत कॉलेज के अध्यक्ष सह टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो के भांजा विशाल महतो (34 वर्ष) का ब्रेन हेमरेज होने से असामयिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले विशाल को हार्टअटैक आया था, आनन-फानन में धनबाद जलान अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बेहतर इलाज के लिए कोलकाता रेफर किया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान ब्रेन हेमरेज होने से विशाल ने दम तोड़ दिया, कोलकाता अस्पताल में अंतिम सांस लिया। आज शनिवार सुबह विशाल पंचतत्व में विलीन हुए गए, उनकी अंत्येष्टि कशीयाटांड जोरिया में पूरे वैदिक विधि-विधान से हुई। उनके चाचा अंगद महतो ने मुखाग्नि दी। विशाल तीन भाइयों में बड़ा था और डेढ़ वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है, रो रो कर बुरा हाल है। पुरे इलाके में शोक की लहर है।

## शराब दुकानदार कर रहे हैं ग्राहकों से अवैध वसूली, रेट चार्ट महज एक खेल

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** उत्पाद विभाग एवं ए टू जेड कंपनी की मिलीभगत से गटक लिए जा रहे हैं करोड़ों रुपए। रोजाना करोड़ों रुपए की शराब खरीद- बिक्री की जाती है। जिसमें सरकार कि और से सक्त गाइडलाइंस है, कि शराब में निहित मूल्य से अधिक मूल्य ग्राहकों से नहीं लिया जाए। लेकिन इन कंपनियों के कर्मचारी और उत्पाद विभाग के मिलीभगत से हर एक बोतल में 40 से ?50 रुपए अधिक लिए जा रहे हैं। और यह खेल खुलेआम चल रहा है, प्रशासन मौन है क्योंकि यह मामला उत्पाद विभाग से जुड़ा है।

कह कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जनता के कई शिकायतें के बावजूद उत्पाद विभाग इस्पेक्टर सन्नी तिर्की की ओर से साफ-साफ कहा जाता है कि हमें पावर नहीं है, एफ आई आर करने का। जनता की शिकायत आने पर हम केवल शराब दुकानदार के कर्मचारी को तबादला कर सकते हैं। इन दुकानों से प्रतिदिन अवैध रूप से करोड़ों का रुपया वसूला जाता है, कंपनी के उच्च अधिकारी विभाग के मिलीभगत से यह पैसा बंदरबांट कर लेते हैं। किसी कि शिकायत आने पर कर्मचारी का वेतन नहीं मिलने का बहाना बनाया जाता है। जबकि सरकार द्वारा कर्मचारी के पैसों का भुगतान समय-समय पर किया जा रहा है।

शराब का सेवन करने वाले व्यक्ति अपना मुंह नहीं खोल पाते जिसका भरपूर फायदा कंपनी के उच्च अधिकारी एवं उत्पाद विभाग के कर्मचारी आसानी से उठाते है। क्या कहते हैं उत्पाद आयुक्त हम शहर की 150 शराब दुकानों पर जेएसबीसीएल रेट लिस्ट उपलब्ध करा रहे हैं जिस पर ग्राहक अपना रेट देख सकेंगे। उसके अलावा हम लोगों ने टोल फ्री नंबर हर दुकान में दिया हुआ है, जिस पर फोन आने पर हम कार्रवाई करेंगे। मेन पावर कम होने के कारण हम सभी जगह व्यक्ति उपलब्ध नहीं करा सकते। हमारे पास और भी कई कार्य हैं जो बाधित होते हैं। वैसे भी ए टू जेड का कार्य टेंडर समाप्त हो चुका है ।और अब इसकी सारी जिम्मेवारी हमारे ही ऊपर है। जल्दी रेट चार्ट आ जाएगी और इस तरह की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

## सेल टासरा प्रोजेक्ट का दूसरे दिन भी रहा चक्का जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट को टासरा बस्ती के ग्रामीणों ने दूसरे दिन शनिवार को भी बंद रखा। ग्रामीणों का कहना है कि टासरा बस्ती के ग्रामीणों के एकमात्र सार्वजनिक रास्ते को प्रबंधन ने ओबी गिराकर बंद कर दिया है। इससे बच्चों को स्कूल जाने, वृद्ध व बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने में तकलीफ हो रही है। वहीं प्रबंधन ने कहा कि टासरा में अवैध कोयला तस्करी पर रोक लगाने के लिए टॉप बैरियर लगाने का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने गौशाला ओपी पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज की है। पुलिस दोनों पक्षों की जाँच कर रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को टासरा प्रोजेक्ट की गाड़ियों को रोककर चक्का जाम कर दिया है। ग्रामीण रास्ता बंद करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की बात कर रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि मनमानी बंद नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया जाएगा। सेल टासरा प्रबंधन ने कहा कि ग्रामीणों का विरोध अनुचित है। सारी व्यवस्था अवैध कोयला चोरी को रोकने के लिए किया जा रहा है। टासरा प्रोजेक्ट में गाड़ी के प्रवेश व बाहर निकलने के लिए एकमात्र चेकपोस्ट की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही सीसीटीवी कैमरों से प्रोजेक्ट को लैस कर दिया गया है। प्रोजेक्ट से प्रवेश व निकास के लिए प्रबंधन एकमात्र विकल्प के लिए व्यवस्था कर रही है और इसके लिए ओबी डंप किया गया है। अवैध कोयला तस्करी में लगे बड़े गाड़ियों के अनाधिकृत प्रवेश के लिए टॉप बैरियर लगाए जाने पर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि जाँच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बोकारो भाजपाइयों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रांची से धनबाद जाने के क्रम में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश का स्वागत व अभिनंदन जिला महामंत्री संजय त्यागी के नेतृत्व में तेलमच्चो ब्रिज पर किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष धनबाद में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने जा रहे थे। रविवार को बोकारो जिला कार्यसमिति की बैठक में श्री प्रकाश बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। झारखंड भाजपा द्वारा सभी जिलों में तत्पश्चात सभी मंडलों मे कार्यसमिति की बैठक का आयोजन होना है। मौके पर संजय त्यागी, महेंद्र राय, राजीव मालाकार, मनीष पांडे, गोरांग पातर, समरेश सिंह, लालू मोदी, अम्बुज, राजा राय, निताई महतो, सुखदेव, राजा आदि मौजूद रहे।

## झा.वि. क्रियान्वयन समिति सदस्य के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति एक दिवसीय स्थल अध्ययन यात्रा पर बोकारो पहुँची। समिति के सदस्य समीर कुमार महंती की अध्यक्षता में बोकारो परिसदन में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आने वाले प्रश्नों के निराकरण को लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री जी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सादात अनवर, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती मेनका, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमारी गीतांजलि सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता उपस्थित हुए।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** एनयूएलएम के सभागार में जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चास नगर निगम अंतर्गत चल रहे डे एनयूएलएम के सभी कर्मियों व बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव व तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के विषय पर आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण में जिला परामर्शी मो. असलम ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व कोटपा - 2003 की विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी।

## उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मौके पर डीडीसी कीर्ति श्री जी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, डीटीओ संजीव कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों से संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और लक्ष्य अनुरूप कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, आपूर्ति, शिक्षा, ऊर्जा, सहकारिता, कृषि, जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास, बैंक, सामाजिक सुरक्षा, उत्पादन, भवन प्रमंडल, पथ प्रमंडल, श्रम विभाग, पशुपालन आदि विभागों की क्रमवार समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## समय संवाद

जाने-अनजाने चेहरों में किसने क्या रिएक्शन दिया? कैसा कमेंट किया? जैसी बातें भी तनाव और एंग्जायटी भी बढ़ाते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड सोशल साइकॉलॉजी में छपी रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया लत का बेचैनी और अवसाद से सीधा संबंध है। हरदम यहां मौजूद रहना कार्टिसोल और एड्रेनेलिन हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। ये तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स हैं। इसीलिए अपने अपडेट्स पर मिले सकारात्मक फीडबैक को लेकर हद से ज्यादा उत्साहित होने या नेगेटिव कमेंट्स को लेकर तनाव में आने से बचें। आज तनाव का यह एक बड़ा कारण है।

# सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं



**प्रिया राज**



**सोशल** मीडिया पर हद से ज्यादा एक्टिव रहने के खमियाजे अब सामने आने लगे हैं। शारीरिक-मानसिक और व्यवहारगत समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे यूजर्स में जिनकी जिंदगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक ही सिमट गई है। कोरोना काल में तो हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि 3.6 अरब लोग दुनियाभर में रोज 144 मिनट सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। हर उम्र, हर वर्ग के लोग इन यूजर्स की फेहरिस्त में शामिल हैं। हालांकि अब यूजर्स इन वर्चुअल मंचों पर ओवर एक्टिव रहने के नुकसान भी समझने लगे हैं पर यह भी सच है कि आज के दौर में वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स से पूरी तरह कटकर भी नहीं रहा जा सकता। हां, समझ और सजगता के साथ यहां मौजूद रहना अनगिनत समस्याओं से बचाते हुए आपको वर्चुअली सक्रिय रख सकता है

**सही प्लेटफॉर्म्स चुनें**

वर्चुअल दुनिया में हर मंच पर अपनी मौजूदगी रखना अपना समय गंवाने के रास्ते खोलने जैसा है। इसीलिए अपनी पसंद या अपने वर्किंग फील्ड के मुताबिक ऐसे वर्चुअल प्लेटफॉर्म चुनें, जो आपको अपग्रेड कर सकें। वहां बिताये जा रहे समय के बदले आपके काम की सूचनाएं आपको मिल सकें। ध्यान रहे कि आज सोशल मीडिया के अनगिनत एप्स और साइट्स पर लोगों का बहुत सा समय खप जाता है। यह तय करना वाकई जरूरी है कि सूचनाओं के महासागर में कौन सी जानकारी आपके काम की है। कुछ पढ़ना समझना हो या शेयर करना आपकी प्राथमिकता क्या है?

**अपडेट कम कीजिये**

सोशल मीडिया पर आपकी मौजूदगी का सीधा रिश्ता आपके अपडेट्स से है। हद से ज्यादा अपडेट्स की आदत हरदम आपको स्क्रीन की दुनिया में गुम रखती है। बार-बार लाइक, कमेन्ट या रियेक्शंस को देखने के जाल में उलझाए रखती है। इसीलिए आम जिंदगी से जुड़े वाकये हों या सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े विचार, हर दिन, हर बात, हर विषय को लेकर अपडेट्स करने की आदत यूजर्स को सबसे ज्यादा व्यस्त रखती है। अगर आप खुद अपने अपडेट्स को सीमित रखते हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर आपका होना लत नहीं बनता। सार्थक जुड़ाव और जागरूकता भर के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर समय देने के लिए अपने पोस्ट्स, अपडेट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग को सीमित रखना बेहद जरूरी है। सोशल साइट्स पर बढ़ती मौजूदगी के अनुपात में ही दुनिया में तनाव, अवसाद, और हाइपरटेंशन के मामले भी बढ़े हैं।

**स्क्रीन टाइम तय कीजिये**

बच्चों के लिए ही नहीं बड़ों एक लिए भी स्क्रीन टाइम तय करना जरूरी है। सोशल मीडिया से सधी हुई दूरी बनाना चाहते हैं तो पहले अपना हर दिन का स्क्रीन टाइम जानें। फिर सर्फिंग के लिए एक खास और नियत समय निकालें। ताकि ना तो आपकी काम की प्रोडक्टिविटी पर असर पड़े और ना ही आप साइबर संसार के लती बनें। किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा किये गए फ्रंटियर्स इन साइकाइट्री जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई युवा स्मार्ट फोन की लत का शिकार हैं। जिसके चलते अनिद्रा के साथ ही दूसरी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। अध्ययन में शामिल 39 फीसदी प्रतिभागियों में बार - बार फोन देखना , नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सूचनाएं देखते रहना, मैसेज या नोटिफिकेशन आते ही जल्द से जल्द फोन देखने की तलब रहना जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं। ऐसे सभी लक्षण अपने फोन को लेकर नियंत्रण खोने के लक्षण माने जाते हैं। स्मार्ट फोन की लत के शिकार दो तिहाई से अधिक लोग नींद न आने की समस्या से जूझ रहे हैं। यूएस सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक नींद की खराब गुणवत्ता और स्मार्ट फोन के हद से ज्यादा इस्तेमाल से हो रही समस्याएं जिंदगी को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

# भक्ति, ज्ञान दृष्टि देता है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**भक्ति** ज्ञान दृष्टि देता है। अहंकार ज्ञान को ढंक देता है। भगवान राम से वशिष्ट ने हाथ जोड़कर वरदान मांगा कि प्रेम कभी घटे नहीं ऐसा वरदान दें। राम जब वन में गये तो वहां कई ऋषियों-मुनियों ने उनका संवाद हुआ। राम की भक्ति और ज्ञान की स्थिति से ऋषियों-मुनियों को लगा कि उनका जप-तप इस दशरथ नंदन राम के आगे नहीं टिकता है। राम अहंकार रहित थे। मनुष्य भक्ति के माध्यम से ज्यादा पा सकता है। तुलसीदास ने सदैव भक्ति की महिमा का बखान किया है। जो भी जप-तप से प्राप्त बल है उससे अधिक टिकाउ भक्ति के माध्यम से प्राप्त ज्ञान दृष्टि है। जो परम आत्मा है वही परमात्मा है। मजनू से जब कहा गया कि वह खुदा की इबादत करें तो उसने कहा कि खुदा अगर लैला के रूप में आ जाये तो उसकी इबादत कर सकता है। प्रेम बड़ा है या ईश्वर? निश्चित प्रेम बड़ा है। प्रेम ही परम बना देता है, परमात्मा बना देता है। नारद, विश्वमित्र, उद्धव, परशुराम ने जो सिद्धि प्राप्त की वह जप-तप से प्राप्त की गयी थी। इसलिए इसमें भटकाव भी था और क्रोध शेष भी। लेकिन जो कृष्ण ने प्रेम के माध्यम से प्राप्त किया वह आज भी राधा-श्याम के रूप में उपस्थित है। राधा-राधा बोलो चले आयेंगे बिहारी। यह पंक्ति भक्ति मार्ग की उंचाई को बताता है। काल, कर्म,स्वभाव और गुण का घेरा लेकर जीव संसार में घूमता है। काल समय है, कर्म क्या करेगा यह कुदरत से तय होता है। स्वभाव सभी का अलग-अलग होता है। गुण से भी प्रभावित होता है। गिद्धराज का खान-पान से लेकर गुण स्वभाव, कर्म सब कुछ अलग था लेकिन प्रेम राम में था। अंतर सिर्फ ज्ञान और अज्ञान का है। खुदा ने जीने का मौका दिया। दूसरे को मत देखो। शाकिर बनेगा कि काफिर यह आपके उपर निर्भर करता है। उपनिषद में वर्णित है प्रेम ही ईश्वर है। महात्मा बुद्ध की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब कनिष्क का शासन था जब भारत की राजधानी पेशावर थी। बुद्ध करुणा और दया के प्रतिक थे। बौद्ध राज्य धर्म था और इसका असर सूफियों पर भी पड़ा। आज बुद्ध की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है जो गलत है। सीरिया, अफगानिस्तान और ईरान के आस-पास इनका प्रचार-प्रसार था। आज यह पूरा क्षेत्र हिंसा के प्रभाव में है। मन समर्पित नहीं तो पूजा पाठ भजन आश्रम दरबार का कोई मतलब नहीं है। आश्रम, कुटी सब मन लगाने का जरिया है। अगर पूजा में मन ही नहीं लगा तो पूजा व्यर्थ है। मन लगाने के लिए संग किया जाता है। स्वामी जी ने सत्संग के क्रम में कहा कि जब तक मन तैयार नहीं होगा, मन समर्पित नहीं होगा तो किसी भी आश्रम या दरबार के निर्माण का कोई अर्थ नहीं है। किसी भी कार्य का होना कल्पना से निर्धारित होता है। सबसे पहले कार्य कल्पना के माध्यम से मनुष्य के मन में आकार लेता है। उन्होंने कहा कि भक्त जहां होंगे वहीं कुटी बनती है। वगैर भक्त के कुटी का कोई मतलब नहीं है। पूर्व जीवन और इस जीवन की कल्पना से ही अगला जन्म तय होता है। किसी आम के फल का मीठापन इसे कितना जल से सींचा गया उस पर निर्भर करता है। लेकिन सिर्फ इस वर्ष के जल से कितना मीठापन आया और विगत वर्ष के जल का कितना असर है यह बताने की न तो कोई प्रकिया है न ही दुनिया में कोई मशीन इस जांच के लिए बनी है। कोलकाता कुटी के निर्माण के क्रम में गुरुदेव स्वामी शिवर्धमानंदजी ने भक्तों की रुचि को समझा और कुटी का निर्माण कराया। जब तक भक्तों का मन कुटी के प्रति नहीं लगा तब तक नहीं बना। लेकिन 1999 में आश्रम के पूरे होने के पूर्व उन्होंने शरीर छोड़ दिया। पशु पंक्षी का जीवन तय है। उन्हें कल्पना से कोई लेना देना नहीं है। संसार में मनुष्य ही कल्पना करता है।

इसी कल्पना के माध्यम से वह गुरु से भी मिलता है आश्रम भी बनाता है और भक्ति मुक्ति का प्रयास करता है। लेकिन गुरु अगर गृहस्थ होगा तो उसकी सेवा नहीं हो सकेगी। सेवा के लिए अपनापन आवश्यक है लेकिन गृहस्थ गुरु का मन अपने परिजनों में भी लगा होता है।

# फिनांस के लिए क्रेडिट प्रोग्राम



**सेन्ट्रल** बैंक ऑफ इंडिया राँची क्षेत्र के द्वारा शुक्रवार को वित्तीय सेवाओं के लिए मेगा क्रेडिट कैंप ह्वका आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम का उदघाटन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पटना अंचल केआंचलिक प्रमुख श्री डी पी खुराना के हाथो किया गया । इस अवसर पर सभी ग्राहको का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा की , सेंट्रल बैंक हमेशा से ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करता आया है जिससे ग्राहको को अधिक से अधिक लाभ हो ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए अंचल प्रमुख डी पी खुराना ने सभी उपस्थित ग्राहको को बैंक की अन्य योजनाओ के बारे मे अवगत कराते हुए कहा की बैंक के पास जमा, ऋण एवं अनुषंगी सेवाओं से संबन्धित विभिन्न उत्पादों की लंबी शृंखला है। परंपरागत बैंकिंग के साथ साथ आधुनिक बैंकिंग की सेवायें सेंट्रल बैंक में मौजूद है ।युवा शक्ति को भारत के भविष्य के रूप में स्थापित करने के लिये स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने तक के लिये शैक्षणिक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। व्यवसाय करने एवं उद्योग स्थापित करने के लिये कई ऋण योजनायें मौजूद हैं। इसके बाद ग्राहको के बीच ऋण की स्वीकृति पत्र का वितरण किया । इस अवसर पर कुल 115 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण करीब 200 लाभुको मे किया गया।


रांची में आयोजित इस कार्यक्रम के अंत मे मुख्य प्रबंधक श्री विजय वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभा को विराम दिया । इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रशांत देशपांडे, मुख्य प्रबंधक आलोक कुमार, पीयूष मोदी, मनीष कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अमित कुमार के द्वारा किया गया।

# युवाओं के लिए दूसरे बी हब की शुरुआत आइआइटी के साथ



बिहार स्टार्टअप को मजबूती प्रदान करने के लिए मौर्या लोक के बाद दूसरा बी हब पटना के फ्रेजर रोड स्थित बिहार राज्य वित्तीय निगम की बिल्डिंग में प्रारंभ होने वाला है। उद्योग विभाग और बिहार स्टार्टअप फंड ने बिहार राज्य में प्रारंभ हो रहे इस दूसरे बी हब के संचालन की जिम्मेदारी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना के इनक्यूबेशन सेंटर को सौंपी है। इस आशय के सहमति पत्र पर उद्योग निदेशक पंकज दीक्षित और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ टी एन सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर बिहार सरकार के विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक, योजना एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुणीश चावला और सूचना प्रौद्योगिकी के अपर मुख्य सचिव संतोष कुमार मल्ल उपस्थित रहे। इस मौके पर विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करने में बी हब की विशेष भूमिका है। इमर्जिंग स्टार्टअप इकोसिस्टम के मामले में बिहार देश का अग्रणी राज्य है। स्टार्टअप उद्यमियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नए को वर्किंग स्पेस के प्रारंभ हो जाने पर स्टार्टअप सिस्टम और मजबूत होगा। फ्रेजर रोड स्थित कॉमन वर्किंग सेंटर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और कुछ दिनों में ही पूरा काम हो जाएगा। इसके बाद स्टार्टअप उद्यमियों को इस कॉमन वर्किंग सेंटर पर आकर काम करने का मौका मिलेगा। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक ने कहा कि स्टार्टअप के संबंध में जागरूकता फैलाने तथा युवाओं का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बिहार स्टार्टअप की टीम हर जिले में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चला रही है।

# पुलिस बल की कमी



**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा कि देश में प्रति लाख आबादी पर पुलिस कर्मियों का सबसे कम अनुपात बिहार और पश्चिम बंगाल में है जो क्रमशः 75.16 और 97.66 है।

मंत्री ने कहा कि पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा संकलित पुलिस संगठनों के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी, 2022 तक पूरे देश के लिए प्रति लाख व्यक्तियों पर पुलिस कर्मियों का अनुपात स्वीकृत संख्या के अनुसार 196.23 और वास्तविक संख्या के अनुसार 152.80 है।

उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि बिहार में पुलिस-जनसंख्या का स्वीकृत अनुपात 115.08 है जबकि पश्चिम बंगाल के लिए यह आंकड़ा 160.76 है।

मंत्री के जवाब में दिए गए आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रति लाख जनसंख्या पर पुलिस कर्मियों की स्वीकृत संख्या 181.75, जबकि वास्तविक संख्या 133.86 है।

इसी तरह गुजरात में यह 174.39 (स्वीकृत) और 127.82 (वास्तविक), मध्य प्रदेश में 147.23 (स्वीकृत) और 121.76 (वास्तविक), महाराष्ट्र में 186.36 (स्वीकृत) और 136.45 (वास्तविक), ओडिशा में 147.76 (स्वीकृत) और 122.59 (वास्तविक), राजस्थान में 139.81 (स्वीकृत) और 120.39 (वास्तविक) तथा तमिलनाडु में 171.95 (स्वीकृत) और 154.25 (वास्तविक) है। यह विधि व्यवस्था को लेकर बड़ी चिंता का विषय है।

# हे मानस ! समृद्धि का परिचायक है कर्जदार होना

**मनीष कुमार चौधरी**



**जीवन** जीने के सारे तौर-तरीकों को आजमाने के बाद एक ही निष्कर्ष निकलता है कि जो मजा कर्ज यानी लोन लेकर जीने में है, वह और किसी में नहीं। कर्ज हर मर्ज की दवा है। जब पूरा देश ही कर्ज के बोझ तले दबा पड़ा है और हर सरकार इतना दबने के बाद भी मजे कर रही है तो मेरे देश के भले आदमी, तू ही क्यों पीछे रहे। जब तू वैसे ही कर्ज में लिपटा पड़ा है तो थोड़ा कर्ज और सही। इसी से तेरी समृद्धि और स्टेटस बढ़ रहा है तो लोन लेने में लज्जा कैसी! कंपनी तेरे लिए थैली खोल रही है और आगे बढ़कर कह रही है कि ले ले भैया ले ले...। इससे ज्यादा तू और क्या चाहता है। जब ब्याज का हिसाब कंपनी नहीं लगा रही तो तुझे लगाने की क्या जरूरत है। आम खा पेड़ मत गिन। तेरी बारी तो अब आयी है। इतने दिन तक तो तू पेड़ ही गिन रहा था।

विद्वान और साहित्यकार कर्ज से बड़े चिढ़ते थे। मुंशी प्रेमचंद को लें। वे ऋण लेने को पाप के समान मानते थे। उनका मानना था कि कम खा लो, पर कर्ज मत लो। उनकी कथा-कहानियों के पात्रों ने जरा-सा कर्ज लिया और कभी कर्ज निपटा ही नहीं पाये। आपको एक राज की बात बताऊं। मुंशी जी कर्ज लेना तो चाहते थे, पर उन दिनों ह्वजीरो परसेंट ब्याजह्व की सुविधा पर फाइनेंस करने वाला कोई न था। साहूकार मूल से ज्यादा ब्याज की गणना करता था। सो प्रेमचंद कर्ज से घृणा करने लगे। मिर्जा गालिब भी कर्जखोर थे। कर्ज की पीते रहे और कहते रहे कि ये जो उनकी फाकामस्ती है, वह एक दिन रंग लाएगी। चौकसे, माल्या, नीरव ने कर्जा गालिब, माफ कीजिए मिर्जा गालिब को फॉलो किया और आज तक सिर से पैर तक कर्ज में डूबे होने के बावजूद विदेश में पर्यटन कर रहे हैं। याद रखिए, लोन लेकर जीवन जीने से मनुष्य आगे बढ़ता है। उसके स्टेटस को चार चांद लगते हैं। संयम-नियम से चलोगे तो बढ़ ली इकोनोमी आगे! आदमी खाने की जगह जोड़ता ही रहेगा तो देश की उत्पादकता कैसे बढ़ेगी।अरे भले मानुष! यह जीवन है। यहां बिना लिए-दिए किसका काम चला है। पेड़ आपको फल दे रहा है तो बदले में बीज, खाद, पानी भी तो ले रहा है। सारे बैंक लाइन लगाए खड़े हैं। लोन देने वाला खुलकर दे रहा है तो अपना दिल भी बड़ा रखिए, खुलकर लीजिए। हमारे दादा-परदादा तो कर्ज के लिए तरस गए। खूब चाहते थे कि कर्ज मिले, पर कोई सोर्स नहीं।

कोई स्कीम नहीं। कोई गिफ्ट-शिफ्ट नहीं। सो पूरी जिन्दगी दाल-रोटी, कुर्ते-पायजामे में निकाल दी। लोन की महिमा है कि बच्चा पैदा ही लोन से होता है। अच्छे प्राइवेट नर्सिंग होम में पैदा हुआ बच्चा मेडिकल लोन की देन है। यानी पैदाइश लोन से, पालन-पोषण लोन से, शिक्षा लोन से और जीवन बीमा की किस्तें भी लोन से। क्या लीला है लोन की।

# आम खायें वजन घटायें

**अगर** आप के शौकीन हैं लेकिन आम को खाने से इसलिए दूर भाग रहे हैं क्योंकि आपको लगता है आम खाने से वजन बढ़ता है। अगर आपके मन में भी ये सवाल रह रहकर तैर रहा है तो जानिए इस सवाल का जवाब।

गर्मी के मौसम में बाजार में सबसे ज्यादा आम मिलता है। आम ना केवल बाकी फलों से देखने में अलग होता है बल्कि इसका स्वाद भी एकदम अलग होता है। खास बात है कि आम की कई वैरायटी बाजार में आती है और हर एक वैरायटी के आम का स्वाद एक दूसरे से अलग होता है।

आम का इस्तेमाल ना केवल फल के तौर पर बल्कि इसका इस्तेमाल चटनी, आम पना और शेक के रूप में भी किया जाता है। इसमें प्रुचर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई और कैल्शियम होता है।

कई लोगों को लगता है कि आम खाने से वजन बढ़ने लगता है। अगर आपको भी ये लगता है तो आपके लिए ये जानना जरूरी है कि आम को खाने से वजन बिल्कुल नहीं बढ़ता है। आम वसा, सोडियम और कोलेस्ट्रोल फ्री होता है। यानी कि इसमें फैट और कोलेस्ट्रॉल बिल्कुल भी नहीं होता है, लिहाजा इसका सेवन करने से वजन नहीं बढ़ता है।

आम में प्रचुर मात्रा में विटामिन ए होता है। इस वजह से ये आंखों के लिए फायदेमंद रहता है। इसलिए अगर आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ाना चाहते हैं तो आम जरूर खाएं 2. स्वाद में लजीज होने के अलावा आम बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। 3.आम में कई तरह के एंजाइम्स होते हैं। ये एंजाइम्स भोजन को तोड़ने का काम करते हैं जिसकी वजह से खाना डाइजेस्ट होने में सहायता मिलती है। 4. ये बात जानकर आपको हैरानी होगी की आम का सेवन करने से वजन को भी घटाया जा सकता है। दरअसल, आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को कम करने में असरदार हैं। इसके साथ ही आम का सेवन करने से भूख भी कम लगती है क्योंकि इससे काफी देर तक पेट भरा रहता है। 5. अगर आम बहुत गला हुआ है तो उसके गुदे को भी आप चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे चेहरे पर निखार आता है। 6. क्या आप जानते हैं आम याद्दाश्त को भी बढ़ाने में मददगार है। इसमें ग्लूटामिन एसिड नाम का तत्व पाया जाता है। ये तत्व याद्दाश्त को बढ़ाने का काम करता है। 7. आम लू से बचाव करता है। अगर आप एक गिलास आम का पना पीकर घर से बाहर निकले तो आपको लू से बचाने में मदद करेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योग से अपने तन-मन को करें स्वस्थ्य और प्रसन्न



**स्वामी मुक्तरथ**



21 जून को हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस मनाने की शुरूआत भारत में हुई और धीरे-धीरे इसे कई देशों ने अपनाया। योग तन और मन दोनों को सेहतमंद रखता है। कुछ योगासन ऐसे भी होते हैं जो पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत दिलाते हैं। योग को अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करें तभी इसका फायदा मिल सकता है। आज हम आपको बताएंगे महिलाओं के लिए कुछ खास आसन जो आपको पीरियड के दर्द में आराम देंगे।

**बटरफ्लाई आसनः** बटरफ्लाई आसन को तितली आसन भी कहते हैं। महिलाओं के लिए ये आसन विशेष रूप से लाभकारी है। बटरफ्लाई आसन करने के लिए पैरों को सामने की ओर फैलाते हुए बैठ जाएं,रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। घुटनो को मोड़ें और दोनों पैरों को योन की ओर लाएं। दोनों हाथों से अपने दोनों पांव को कस कर पकड़ लें. सहारे के लिए अपने हाथों को पांव के नीचे रख सकते हैं। लंबी,गहरी सांस लें, सांस छोड़ते हुए घटनों एवं जांघो को जमीन की तरफ दबाव डालें। तितली के पंखों की तरह दोनों पैरों को ऊपर नीचे हिलाना शुरू करें. धीरे धीरे तेज करें। सांसें लें और सांसे छोड़ें. शुरूआत में इसे जितना हो सके उतना ही करें। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं। उष्ट्रासनः इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं

**.उष्ट्रासनः** इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं.

**माजार्री आसनः** मार्जरी आसन एक आगे की ओर झुकने और पीछे मुड़ने वाला योग आसन है. कैट वॉक दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन हम योग आसन वर्ग में कैट पोज के बारे में चर्चा करते हैं. यह आसन आपके शरीर के लिए अनके प्रकार से लाभदायक है. यह आसन रीढ़ की हड्डी को एक अच्छा खिंचाव देता है. इसके साथ यह पीठ दर्द, कमर दर्द और गर्दन दर्द में राहत दिलाता है.

**पश्चिमोत्तानासन –** सबसे पहले जमीन पर बैठ जाएं. अब दोनों पैरों को सामने फैलाएं. पीठ की मांसपेशियों को ढीला छोड़ दें. सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों को ऊपर लेकर जाएं. फिर सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और नाक को घुटने से सटाने की कोशिश करें. धीरे धीरे सांस लें और छोड़ें. फिर पुरानी अवस्था में लौट आएं।

**हिंसा का विरोध...**



साभार कॉटून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### सैप्टिक टंकी में मिला बच्ची का शव



कुजू। शनिवार की सुबह घर के बाहर खेल रही डेढ़ वर्षीय बच्ची का शव पड़ोस के गिरधारी महतो के निमार्णाधीन आवास के सेप्टिक टंकी शाम को मिला। शव के मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। बताया जाता है शाम में परिजनों द्वारा खोजबीन किया जा रहा था। इसी बीच उनकी नजर सेप्टिक टंकी पर पड़ी। जहां बच्ची का शव दिखा। परिजनों ने शव को बाहर निकाला। साथ ही इसकी जानकारी पुलिस को दिया। कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार व अनि चेतन कुमार ने घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

### मेरु में एक ही घर चार लोग बने शिक्षक



**दारू।** रांची के खेलगांव में स्नातक प्रशिक्षित उच्च विद्यालय में शिक्षक के पद में चयनित अभियर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला।मेरु से एक ही घर की दो बहू सहित चार अभियर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला। नीलम सरिता और रश्मि रानी दोनो गोतनी है इनके परिवार में एक साथ दो बहू की नौकरी होने से पूरे परिवार में खुशी की लहर है। सुनीता कुमारी और सन्नी पासवान को भी नियुक्ति पत्र मिला जिससे सभी के परिवारों के बीच काफी खुशी देखी गई। सनी पासवान को बरही प्लस टू हाई स्कूल नीलम सरिता को प्रोजेक्ट हाई स्कूल बरही रश्मि रानी को चंदवारा में पोस्टिंग हुई है।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कराया भंडारा

**हजारीबाग।** पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने विगत दिनों परिवार के वृद्ध जनों के साथ चार धाम की यात्रा की थी जिस के उपलक्ष में दिन शुक्रवार को उनके हजारीबाग स्थित आवास में पूजा अर्चना की गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी ने आए अतिथियों का सत्कार किया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी हजारीबाग के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मनोज नारायण भगत, तैलिक साहू समाज के राजेंद्र साहू, बड़कागांव प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, अंकित राज, अर्जुन सोनी, उमाशंकर कुमार, गोवर्धन साहू, रवि साव, धीरेंद्र साव, पवन साव, खेमलाल साव, शशांक शेखर रवि कुमार, पत्रकार दीपक सिन्हा, संजय सागर, आनंद कुमार,मोहन करमाली समेत कई लोग मौजूद थे।

### बिजली बिल ब्याज माफी को लेकर लगेगा कैंप



**हजारीबाग।** झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत एकमुश्त समाधान योजना को लेकर बिजली बिल, ब्याज माफी का लाभ आमजनों को दिलाने के लिए विद्युत प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा सभी प्रखंडों में शिविर लगेगा। इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर शनिवार को उपायुक्त आवासीय परिसर से उपायुक्त नैंसी सहाय ने ऊर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ सभी प्रखंडों में जाकर इस योजना का लाभ लेने की अपील करेगी। कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग ने बताया कि डीपीएस की माफी का लाभ एक मुस्त जमा योजना के तहत शहरी/ग्रामीण घरेलू तक के उपभोक्ताओं को डीपीएस माफी का लाभ 30 जून तक दिया जाएगा, प्रखंडवार विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे कैंपों के माध्यम से इस योजना का लाभ उठाए। उपायुक्त ने भी सभी विद्युत उपभोक्ताओं को अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत माह दिसम्बर 2022 तक का डीपीएस की माफी का लाभ एकमुश्त जमा योजना के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस योजना में शहरी/ग्रामीण घरेलू तक के उपभोक्ताओं को डीपीएस माफी का लाभ 30 जून तक दिया जाना है, जिसके लिए 31 मई तक प्रखंडवार चिन्हित स्थानों पर शिविर लगेगा।

### इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने संभाला पदभार



**बड़कागांव।** बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह के तबादले के बाद नए इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने शनिवार को बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि अपराधिक कांडों की समीक्षा की जाएगी केस का निष्पादन करने पर ध्यान दिया जाएगा, अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी,अवैध कारोबार पर रोक लगाने की निरंतर कार्य जारी रहेगा।

### लोहसिंघना थाना प्रभारी बने विपिन यादव



**कटकमदाग।** लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह के तबादले के बाद नए इंस्पेक्टर विपिन कुमार यादव ने शुक्रवार को कटकमदाग थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान विपिन कुमार यादव ने कहा कि अपराधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी,अवैध कारोबार पर रोक लगाने की निरंतर कार्य जारी रहेगा। जन सहयोग की भी अपेक्षा रहेगी।

# एक महीने तक महासंपर्क अभियान चलायेगी भाजपा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा के नौ वर्ष पूरे होने पर होगा कार्यक्रम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** फोरलेन हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में पर्यवेक्षक एवं मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक विरंची नारायण शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रविंद्र राय,प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक जेपी भाई पटेल,पूर्व सांसद सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यदुनाथ पांडे,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे अखिल भारतीय स्तर पर महासंपर्क अभियान का कार्यक्रम निर्धारित है।

कार्यक्रम को रामगढ़ जिला में सफल बनाने हेतु बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई। विरंची नारायण सहित मंचासीन अतिथियों ने सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं सामूहिक राष्ट्रीय गान किया।

विधायक ने कहा कि आज झारखंड की परिस्थिति ऐसी है की लोकसभा चुनाव के साथ अगर विधानसभा चुनाव भी हो जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सहित सत्ता पक्ष के कई नेता ईडी के घेरे में आ रहे हैं। कहा की भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई हो रही है। इसलिए संभव है की लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ साथ हों। कहा कि 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में पार्टी देशभर में महा-सम्पर्क अभियान एक माह तक चलाएगी। जिसके तहत लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत करवाते हुए यह भी जानकारी दी जाएगी की विश्व स्तर पर देश का प्रभाव बढ़ा है और पूरी दुनिया में भारत को सम्मान मिल रहा है। इसके लिए सभी मंडलों में 24 मई तक बैठक आयोजित किया जाना है।

## पतरातू में उपायुक्त ने निर्माणाधीन पुलों और कल्याण गुरुकुल का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी के तहत निर्माणाधीन पुलों एवं कल्याण गुरुकुल का निरीक्षण किया। डीएमएफटी के तहत पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद क्षेत्र में मगरदहा नदी एवं बीचा छेत्र के एतीयातु में दादुल घाट पर बन रहे पुल के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया जिसके उपरांत उपायुक्त ने जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करते हुए पुल का संचालन आम जनों के लिए शुरू करने का निर्देश दिया। कल्याण गुरुकुल का निरीक्षण कर उपायुक्त ने गुरुकुल के माध्यम से युवतियों/महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान संचालक द्वारा उपयुक्त को जानकारी दी गई कि कल्याण गुरुकुल के माध्यम से युवतियों/महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देने के उपरांत उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इस संबंध में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षित युवतियों/महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत उनके क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने कल्याण गुरुकुल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए केंद्र के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू, अंचल अधिकारी पतरातू, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाड़ी खेपा बाबा आश्रम में सहस्त्र महाचंडी यज्ञ शुरू

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री 1008 श्री गुरु खेपा बाबा महाराज के सानिध्य में थाना मैदान तारा बाड़ी खेपा बाबा आश्रम भुरकुंडा में शनिवार को कलश यात्रा के साथ नौद्य दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचण्डी यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशों से सजी इस जल यात्रा में 1101 श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। कलश यात्रा थाना मैदान से शुरू होकर जवाहर नगर, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए नलकारी नदी पहुंची। यहां वाराणसी के आचार्य सत्येंद्र गर्ग और पतरातू के आचार्य राधेश्याम दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरवाया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंची। जहां कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा।

## रामगढ़ में पानी की किल्लत से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** मई में लगातार बढ़ रहे तापमान से शहर वासी काफी परेशान है। उपर से शहर में लचर पेयजलापूर्ति ने लोगों की मुश्किलों को और भी बढ़ा दिया है। लचर पेयजलापूर्ति से से आक्रोशित शहर वासी छावनी परिषद से इसपर ध्यान देने की मांग करते हुए पेयजलापूर्ति में तत्काल सुधार की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि उनकी मांग पर ध्यान नही दिया गया तो आंदोलन को विवश होंगे। इस संबंध में शहर के वार्ड नंबर दो निवासी गीता देवी ने कहा की छावनी परिषद द्वारा पेयजलापूर्ति के लिए पाइप बिछा हुआ है, लेकिन वह केवल देखने के लिए है। उन्होंने कहा की हम लोग पेयजलापूर्ति के लिए नियमित रूप से बिल भी जमा करते हैं। बावजूद इसके वार्ड नंबर दो के हमारे क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की आपूर्ति बंद है। जिससे हम सबों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं, अनिल कुमार ने कहा कि इस तपती गर्मी में पेयजलापूर्ति के बंद होने से हमारी मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा की यह स्थिति तब है जबकि हम सभी पानी के लिए नियमित रूप से बिल जमा कर रहे हैं। पर हमारे क्षेत्र में पेयजलापूर्ति नही की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा की हमारे क्षेत्र में लगे चापानलों ने भी जवाब दे दिया है। जिससे हम सबों की मुश्किल और भी अधिक बढ़ गई है। अनिल ने कहा की परिषद हमारे क्षेत्र में पेयजलापूर्ति में सुधार कर समस्याएं दूर करे। अन्यथा हम सभी आंदोलन को विवश होंगे।

**छावनी परिषद द्वारा पेयजलापूर्ति के लिए पाइप बिछा हुआ है, लेकिन वह केवल देखने के लिए है : गीता देवी**



**सार्वजनिक पोस्टों में नही आ रहा पानी :** वहीं, पेयजलापूर्ति को लेकर वार्ड नंबर 2 के कई लोगों ने बताया की पेयजलापूर्ति के लिए हम नियमित बिल अदा कर रहे हैं। फिर भी लंबे अंतराल से हमारे क्षेत्र के घरों एवं सार्वजनिक पोस्टों में पानी आ ही नही रहा है। वार्ड नंबर 2 के लोगों ने कहा की इसको लेकर यदि हम छावनी परिषद से शिकायत करते हैं तो एक-दो दिन पानी आ जाता है । इसके बाद पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। लोगों ने कहा की गर्मी के इस भीषण प्रकोप के बीच यदि छावनी परिषद ने हमारी मांगों पर ध्यान नही दिया तो हमें आंदोलन को विवश होना पड़ेगा।

### पानी की समस्या जल्द दूर करे प्रबंधन : सतीश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत वाटर फिल्टर प्लांठ का दौरा किया। इस दौरान संघ के केंद्रीय महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल गर्मी में बढ़ते पानी की समस्या को लेकर भुरकुंडा फिल्टर प्लांट पहुंचे। साथ ही रिभर साईड सिविल पानी टंकी एवं क्वारी में जाकर पंप-मोटर का निरीक्षण किया। जहां पंप को खराब पाया गया। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि रिभर साईड कॉलोनी डैम के पानी पर निर्भर है। डैम का पानी नहीं मिलने पर इसका वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में क्वारी से अलग सप्लाई की व्यवस्था की जाए। ताकि गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। उन्होंने कहा कि ओल्ड भुरकुंडा के कॉलोनियों में भी पंप खराब रहने के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। नये पंप के लिए हेडक्वार्टर एवं महाप्रबंधक बरका-सयाल से बात करूंगा।

## 2000 के नोट बाहर होने पर लोगों ने अलग-अलग दी प्रतिक्रिया

### कहा-कालेधन पर लगेगा लगाम

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार ने 2 हजार के नोट रोक लगाने की घोषणा कर जनता को एक बार फिर चौंका दिया है। पूर्व में सरकार 8 नवंबर 2016 के बाद फिर एक बार नोटबंदी की घोषणा से माफियाओं और काले धन वालों को नींद उड़ा दी है। आइए जानते हैं क्षेत्र के प्रमुख लोगों की राय।



**पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव :** सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नोटबंदी दिग्भ्रमित करने वाला निर्णय है। 2024 में बहुत कुछ चलन से बाहर किया जा सकता है। सरकार के इस फैसले को निंदा करता हूँ।



**विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा:** सरकार द्वारा 2 हजार रुपये के नोट बंदी की घोषणा से काला धन जो कांग्रेसियों के पास जमा है, उस पर नकेल कसा गया है । इस पर सरकार ने जो कदम उठाया है यह निर्णय स्वागत योग्य है।



**कटकमसांडी प्रमुख संगीता देवी :** सरकार के इस फैसले से काला धन जमा करने वालो की नींद उड़ गई है। मोदी सरकार का यह कदम राष्ट्र हित और जन हित का कदम है। यह स्वागत योग्य कदम है।



**कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी :** सरकार का यह कदम जमाखोरों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ है। काला धन वालों पर यह सरकार का बहुत बड़ा एक्शन है। काला धन जमा पर पाबंदी लगाने से देश का विकास होगा।



**सहायक संघ हजारीबाग जिला अध्यक्ष चंदन कुमार मेहता :** सरकार के इस फैसले से जमाखोरी कर और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ है। भ्रष्टाचारियों के द्वारा 2000 नोटों को रखने में आसानी होती थी। लेकिन अब भारत सरकार के इस फैसले से भ्रष्टाचारियों, जमाखोरी के ऊपर नकेल कसने का फैसला स्वागत योग्य है।

## पीवीयूएन ने कटिया बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान

**भुरकुंडा ।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान के चौथे दिन शनिवार को पीवीयूएन ने कटिया बाजार में साफ-सफाई अभियान चलाया । पीवीयूएन के अधिकारी, कर्मचारी, मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया। लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही कटिया बाजार के दुकानदारों, व्यवसायियों व आमजनों से आसपास के क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा न डालने की अपील करते हुए पर्यावरण स्वच्छ बनाने में हर संभव सहयोग करने की बात कही।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No:- WRD/MID/KODERMA/F2-07/2023-24

Date:- 20.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Renovation of Tharki Aahar, Village- Tetarchak, Block- Chandwara |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54.293 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 13.06.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 15.06.2023 at 3:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.06.2023 up to 3:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note: - Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR.NO.297916 Minor Irrigation(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-01/2023-24

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड पांकी के पंचायत माइन के ग्राम कंदाखांड़ में कंदाखांड़ नाला पर पुलिया निर्माण। | 4998194.00 | 100000.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 2. | प्रखण्ड चैनपुर के पंचायत कटुवल के ग्राम कटुवल में प्रदुम्न सिंह के घर से लेकर सामुदायिक भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2397197.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 15.06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.06.2023 अपराह्न 2.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–9304798195
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।
9- Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू

PR 297888 (Rural Development)23-24*D

**उप विकास आयुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला**
**(मनरेगा कोषांग)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N)543(अनु0) दिनांक 21.04.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण फलदार पौधों एवं पत्रांक (N)824(अनु0) दिनांक 22.07.2021 के आलोक में इमारती पौधों के क्रय हेतु झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB (National Horticulture Board) द्वारा निबंधित नर्सरियों जिसके पास झारखण्ड राज्य अन्तर्गत GST No. हो, से निम्न शर्तो के आधार पर पौधों की आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

सभी निविदायें द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार डाली जायेगी। निविदादाता एक लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में 'तकनीकी बीड' लिखकर उसमें निविदा के साथ मांगे गये कागजात एवं प्रमाण पत्र (अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट सहित) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उस पर अपना नाम एवं पता साफ–साफ लिखेंगे। दूसरे लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में 'वित्तीय बीड' लिखकर उसमें नर्सरी के नाम एवं पता के साथ दर (प्रति पौधा) संबंधी कागजात डालेंगे एवं मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफा में दर के अलावा कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड के दोनो लिफाफे को एक अन्य लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे एवं उस पर बड़े अक्षरों में NHB रजिस्टर्ड अंकित करने के साथ नर्सरी का नाम, पता, दूरभाष संख्या अंकित करेंगे।

इच्छुक आवेदक / निविदादाता द्वारा सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 30.05.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न तक उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 30.05.2023 को 12.30 बजे अपराह्न में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

नोट :– पौधा आपूर्ति से संबंधित निविदा की विस्तृत शर्त्ते एवं अन्य जानकारी गुमला जिला के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला

PR 297940 Rural Development (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/19/2022-23/RE-1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | चतरा जिला के प्रखण्ड सिमरिया, ग्राम–कुरूमदारी के मानत नदी पर पुल निर्माण। | 4,81,23,800.00 | 9,63,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27.05.2023 से 06.06.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय– 10.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
iii) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– e-procurement cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.06.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.297894 Rural Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/HZB/02/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/02/2023-24 | हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही प्रखण्ड में पंचायत दुलमहा के तेलोडीह एवं बुढीडीह के बीच देवनिया नाला पर पुल निर्माण | 47161700.00 | 944000.00 | 10000.00 | 12 माह | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 06.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 07.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
7. निविदा खोलने का स्थान:–e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – 08.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 297937 Rural Development(23-24).D

स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल की धक्के से महिला की मौत

**गढ़वा।** गढ़वाली सिमर मुख्य मार्ग पर गोंदा गांव के समीप मोटरसाइकिल की धक्के से एक महिला की मौत हो गई। मृतक डंडई थाना क्षेत्र के सोनहरा गांव निवासी प्रजापति की पत्नी लीलावती देवी 65 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि लीलावती देवी अपने नातिन की शादी समारोह में गोंदा गांव आई हुई थी। शनिवार को शादी समारोह था। जिसे लेकर उसके घर में बरात आने वाला था। जिसे लेकर वो घर में तैयारियां कर रही थी। तैयारियां करने के बाद वह घर के बाहर कुछ काम से आई हुई थी। उसी बीच सामने से आ रहे तेज गति से मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद घर वालों ने मोटरसाइकिल सवार लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना है।

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के लखिया गांव निवासी अंबिका यादव की पत्नी पूर्णिमा देवी 30 वर्ष की मौत कीटनाशक दवा खाने से हो गई। घटना के संबंध में मृतका के पिता यशवंत यादव ने बताया कि हमारी पुत्री की शादी 10 वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज से अंबिका यादव के साथ हुई थी। लेकिन शादी के कुछ दिन के बाद ससुराल वाले उसके साथ हमेशा दहेज को लेकर गाली गलौज और मारपीट करते रहते थे। कुछ दिन पूर्व भी उसके पति व परिवार वालों के द्वारा पुत्री को कुआं में ढकेल कर जान से मारने का प्रयास भी किया गया था। जिसके बाद पंचायती भी कराया गया था। उन्होंने बताया कि हमारी पुत्री शुक्रवार को सावित्री पूजा का व्रत की थी। पूजा करके घर लौटी उसके बाद ससुराल वालों के द्वारा उसे शरबत में कीटनाशक दवा मिलाकर पिला दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जब हमारी पुत्री की मृत्यु हो गई उसके बाद हमें सूचना दिया गया इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मृतक के पिता के फर्द बयान दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है।

### मोटरसाईकिल से युवक गिरकर घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित सप्पू लाइन होटल के समीप शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान मरकच्चो थाना क्षेत्र के बिचरिया नवादा निवासी 22 वर्षीय बबलू पंडित पिता सुरेंद्र पंडित के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपनी मोटर साईकिल पीबी29एडी/0173 से दरदाही चौक से अपने घर बिचरिया नवादा जा रहा था। वहीं सड़क पार कर रहे गाय से चकमा खा कर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने युवक के परिजन को सूचित किया तब उसके परिजन वहां पहुंचे और निजी क्लिनिक में प्राथमिक उपचार कराकर बेहतर ईलाज हेतु बाहर ले गये।

### अज्ञात के खिलाफ आवेदन, मामला दर्ज

**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से जिले के 31 शिक्षकों के सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) गायब हो जाने से कार्यालय में हड़कम्प मच गया, मामले को लेकर डीएसई नयन कुमार के द्वारा कोडरमा थाना में कांड संख्या 85/23 में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है, दर्ज मामले में डीएसई ने कहा है कि कार्यालय के संचिका प्रभारी (लिपिक) के अलमीरा से 31 शिक्षकों का सेवा पुस्तिका से सम्बंधित संचिका गायब हो गया है, इधर मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षकों की टीम डीएसई कार्यालय पहुंचे और घटना की जानकारी लिये।

# चतरा में नक्सलियों की साजिश नाकाम सुरक्षाबलों ने आइइडी किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के लूटा फाटा इलाके में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान इस इलाके से सुरक्षाबलों ने आईईडी बरामद किया है। इसके बाद आईईडी को बीडीएस की टीम ने विनष्ट दिया। पुलिस और सीआरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाया गया है। ि

मली सूचना के आधार पर शनिवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र के लूटा फाटा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी क्रम में सुरक्षाबलों ने आईईडी बरामद किया। पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि 04 व 08 म?ई को भाकपा माओवादी के शीर्ष 06 नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया था। उनके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर शनिवार को चतरा पुलिस, झारखण्ड जगुआर के बीडीडीएस टीम- 09 एवं सीआरपीएफ 190 बटालियान के द्वारा थाना प्रभारी, हंटरगंज, वशिष्ठनगर एवं राजपुर थाना के नेतृत्व में डीमाईनिंग अभियान चलाया जा रहा था। उक्त डीमाईनिंग अभियान के क्रम में ग्राम-केडिमोह के चश्मली एवं टेढ़ाकुशमा जंगल के आस-पास के पगडंडियों में लगे 07 प्रेशर आईईडी ( 1.5 कि०ग्रा० का 05 एवं 01 कि०ग्रा० का 02 आईईडी) को बीडीडीएस टीम की मदद से बरामद किया गया। पुलिस की मुस्तैदी से सुरक्षित तरीके से सभी जप्त बम को विनष्ट किया गया।

इस अभियान में सीआरपीएफ 190 बटालियन सी कम्पनी के सहायक समादेष्टा, मुकेश कुमार, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, वशिष्ठनगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर, राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार, कृष्ण कुमार, व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इस अभियान से क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों ने राहत महसूस किया और बढ़ा घटना टल गया।

भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न

## केन्द्र सरकार के 9 साल के कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं : आदित्य




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा व संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, सांसद सुनील सिंह, जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान और जयप्रकाश सिंह भोक्ता शामिल हुए। बैठक में महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर आठ सदस्यीय जिला टोली बनाया गया जिसमें मिथलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, तिलेश्वर राम, धर्मेन्द्र साहू शिबालक सिंह, स्मिता प्रकाश, सुभाष सिंह और चंदन केशरी नामित किए गए हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार के 9 साल पूरे होने पर 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से एक एक घर तक पहुंच बनाना है और केंद्र सरकार के सभी संचालित योजनाओं के बारे में जन जन को बताना है। बैठक को सांसद सुनील सिंह, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, जनार्दन पासवान, प्रदेश कार्य समिती सदस्य काली चरण सिंह प्रदीप सिंह ने भी संबोधित किया। जिले के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, समेत कई जन प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र दे कर मुख्य अथिति द्वारा सम्मनित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर राम ने किया। बैठक में युगल खंडेलवाल,अक्षेबट पांडे, नरेश सिंह, नवीन शाह, रामबिलास सिंह, रजनीकांत सिन्हा, बिनय सिंह जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सभी जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिती सदस्य, सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और महा जनसंपर्क अभियान के मंडल संयोजक, सह संयोजक समेत सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदिवासी युवती का यौन शोषण करने के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास

### जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** महिला थाना कांड संख्या 02/2019, एवं एसटी-117/2019 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को कांड के अभियुक्त सुभाष पासवान पिता स्व. श्यामलाल पासवान ग्राम काको, जयनगर, तिलैया डैम ओपी जिला कोडरमा निवासी को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। बताते चलें कि अदालत ने बुधवार 17 मई को दोषी ठहराया था तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 मई शनिवार मुकर्रर की थी। वहीं अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

**क्या है मामला :** तिलैया के एक निजी क्लीनिक में नर्स का काम करने वाली अनाथ आदिवासी युवती ने थाना में आवेदन देकर कहा था कि सुभाष पासवान ने हमें विवाह का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। 7 दिसम्बर 2018 को जनशताब्दी एक्सप्रेस से पटना ले गया और वहां एक होटल में रात्रि में ले जाकर ठहरा और रात भर मेरा यौन शोषण किया। जब मैंने तिलैया आकर इसका विरोध किया तो वह बोला कि मैं तुमसे शादी कर लूंगा, इसे किसी को बताओ नहीं ना ही थाना जाओ। इस प्रकार वह मेरे साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। एक दिन मुझे जानकारी मिली की सुभाष की शादी तय हो गई है तो मैं उसके गांव पहुंची, जहां मेरे साथ बदसलूकी की गई, तब मैंने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

## एसआइएस भर्ती शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना परिसर में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर के भर्ती के लिए भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर भर्ती के लिए 29 युवक पहुंचे थे, जिसमें शारीरिक तौर पर सभी शर्तों को पूरा करने वाले 17 युवकों का चयन किया गया। एसआईएस भर्ती अधिकारी मुकेश दुबे ने बताया की एसआईएस संस्था के द्वारा जिले के सभी थानों में सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शिविर आयोजित की गई है। सभी चयनित युवकों को प्रशिक्षण के बाद पदस्थापना के अनुसार सुरक्षा जवानों को 10-15 हजार रुपए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर को 15-18 हजार रुपए प्रति माह वेतनमान दिया जाएगा। भर्ती के चयनित सभी जवानों को शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति व पंजीयन शुल्क के लिए 350 रूपये लिया जा रहा है और इस भर्ती में रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष है।

## नियमित बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो सड़क पर उतरेंगे सांसद व विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टंडवा एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर जनता अब आंदोलन के मूड में दिखाई देने लगी है। वही इस समस्या पर भाजपा का खेमा जनता की समस्या पर एक बार फिर से सड़को पर उतरने के लिए तैयार है इस संबंध में भाजपा के टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार पत्र प्रेषित किया है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया गया है की चतरा जिला अन्तर्गत टंडवा प्रखंड एक औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र मे एनटीपीसी की परियोजना सीसीएल की एशिया की सबसे बडी परियोजना मगध-संघमित्रा एवं आम्रपाली - चन्द्रगुप्त अवस्थित है परन्तु, दुर्भाग्य की बात है कि टण्डवा प्रखण्ड में बिजली की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय है। वर्तमान समय में बिजली विभाग द्वारा 24 घण्टे में मात्र 2 से 3 घण्टे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। भीषण गर्मी में में यहाँ के आम जनमानस बिजली आपूर्ति से काफी परेशान है। पूरा टण्डवा प्रखण्ड कोयला परिवहन के कारण दूषित पर्यावरण से ग्रसीत है। वातावरण में कोयले की घुल-कण के कारण रात्रि में घर से बाहर सो भी नहीं पाते है इस विकट परिस्थिति में आम जनता के पास नियमित बिजली आपूर्ति हेतु आन्दोलन के अलावा दुसरा कोई विकल्प नहीं बचता है।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक



बैठक करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बाजार पथ में अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यवसाइयों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सीओ ने कहा कि बाजार पथ के दोनों तरफ छोटे बड़े व्यवसाइयों द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण मुख्य पथ संकीर्ण हो गया है। इस अतिक्रमण के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना भी हो रही है। सीओ ने कहा कि कुछ दिन पहले इस बारे में लोगों को नोटिस भी भेजा गया था लेकिन अभी तक दुकानदार एवं ठेला दुकानदार खुद से अतिक्रमण हटाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

## द-आई स्कूल में बच्चों और मां के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित द-आई स्कूल में चल रहे समर कैंप में शनिवार को बच्चों और उनकी मां के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान कोई किसान बना तो कोई फौजी। कश्मीरी ड्रेस में एक बच्ची ने खूब वाहवाही बटोरी। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चे और बच्चियों ने अपने ड्रेस और प्रदर्शन से अभिभावकों का मन मोह लिया। वहीं बच्चों की मम्मी ने भी खूब धमाल मचाया। आयोजन में द-आई स्कूल और दूसरे स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया।

## ऊर्जा रथ को किया गया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन व जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से शनिवार को ऊर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि विद्युत से सम्बंधित लोगों तक विस्तृत जानकारी पहुंचाने के लिए यह अच्छी कदम है, वहीं उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि ऊर्जा रथ जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूम कर आमजनों को विद्युत विभाग से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करेगी, ताकि लोग इसका समुचित लाभ उठा सके।

## शहर के सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति करा रही हैं संध्या सोनी

खबर मन्त्र संवाददाता



हरी झंडी दिखाकर पानी का टैंकर रवाना करती सांध्य सोनी

**गढ़वा।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी संध्या सोनी व युवा समाजसेवी दौलत सोनी ने शनिवार को नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में पेयजलापूर्ति को लेकर टैंकर से जलापूर्ति की शुरूआत की। टैंकर से जलापूर्ति की शुरूआत चिनिया मोड़ स्थित मां काली मंदिर के प्रांगण से टैंकर को हरी झंडी दिखाकर की गई। मौके पर संध्या सोनी ने कहा कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए टैंकर से जलापूर्ति की शुरूआत की गई है। ताकि नगर परिषद के विभिन्न वार्ड के लोगों को पेयजल की समस्या नहीं झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि जिले में भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों की परेशानी को देखते ही उक्त व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उनके द्वारा टैंकर से जलापूर्ति किया गया है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्य के प्रति संकल्पित हैं। आने वाले समय में यदि गढ़वा नगर परिषद की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद दिया तो वे नगर परिषद की जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के जिन लोगों के पास पानी नही पहुंच पाएगा तो वे मोबाइल नम्बर 7870124806 व 8709068219 पर सूचना देने का कार्य करेंगे। सूचना मिलते ही पानी उपलब्ध करा दी जाएगी।

मौके पर डॉ पंकज प्रभात, सराफा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर नाथ सोनी, पृथ्वीनाथ कश्यप, मोहन सोनार, ब्रजेश दुबे, राजकुमार गुप्ता, विवेक सिन्हा, विशाल गुप्ता, मनोज पांडेय, सनी कुमार, सुनील कुमार, छोटन गोंड, आदित्य दुबे, मनोज कुमार, पवन सोनी, चंदन स्वामी आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

### झुमरीतिलैया में विद्युत आपूर्ति नियमित की जाय : सईद नसीम

**कोडरमा।** नगर परिषद झुमरीतिलैया में बिजली की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। वह भी तब जब सिर्फ जिले के हृदयस्थली झुमरीतिलैया शहर के लिए कोडरमा थर्मल पावर प्लांट अनुबंध के अनुसार 25 मेगावाट बिजली मिल रही है। मगर बिजली विभाग की उदासीनता व गलत नीतियों का नतीजा है कि शहरी इलाके के बिजली को ग्रामीण इलाके वाले फीडर को आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण झुमरीतिलैया वासियों को कम बिजली मिलने के साथ साथ पवार कट की विकराल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में सईद नसीम ने उपायुक्त को ट्वीट कर जानकारी देते हुए मांग किया कि नगर में बिजली नियमित रूप से बहाल हो।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता जमीन पर हिस्सा के आधार पर सरकारी मालगुजारी रसीद निर्गत करने, आंगनवाड़ी केंद्र के स्थानांतरण करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

### आरटीपीसीआर लैब व लॉडरी रुम का उद्घाटन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन व डीडीसी त्रतुराज ने संयुक्त रुप से सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब व लंडरी रुम का फीता काटकर उद्घाटन किये। बताते चलें कि आरटीपीसीआर लैब होने से अब आरटीपीसीआर जांच हेतु सैंपल को बाहर नहीं भेजना पड़ेगा।

### बैंको में लग रही ग्राहकों की भीड़

**मरकच्चो (कोडरमा)।** रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा के बाद दो हजार के नोट को बैंकों में जमा करने के लिए काफी संख्या में लोग प्रखंड के विभिन्न बैंको के शाखाओं में लोग पंहुचे। सबसे अधिक दो हजार के नोट बैंक अफ इंडिया मरकच्चो शाखा में जमा किया गया। वहीं बैंक अफ इंडिया के मरकच्चो शाखा के शाखा प्रबंधक संतोष आनंद ने बताया की पहले दिन शनिवार को ग्राहकों द्वारा शाखा में दो हजार के नोट का बीस लाख रूपये जमा कराये गए। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक उत्तम होरो ने बताया की मरकच्चो स्टेट बैंक की शाखा में दो हजार के नोट के आठ लाख रूपये ग्राहकों द्वारा जमा किये गए।

### जिले के टॉपरों को लगेगा सम्मान का तिलक

**कोडरमा।** एफिलिएटेड स्कूलों के समूह कोडरमा स्कूल सहोदया कम्प्लेक्स के द्वारा झुमरीतिलैया स्थित शिववाटिका में आज 10 बजे से आयोजित होने वाली सम्मान समारोह में जिले के सीबीएसई दशवीं बोर्ड व बारहवीं परीक्षा में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 200 से 300 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ.नीरा यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष रामधन यादव शिरकत करेंगे। वही सहोदया कम्प्लेक्स के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस अंक तालिका में शामिल यदि कोई बच्चे या उनके अभिभावक को इसकी सूचना नही मिल पाई हैं तो कृपया आप स्वयं उपरोक्त लिखित तिथि व समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर सम्मान प्राप्त करें। उपरोक्तजानकारी सहोदया कम्प्लेक्स के मीडिया प्रभारी ने दी।

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डो का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने इंमरजेंसी यूनिट, ब्लड बैंक, ओपीडी एरिया, आयुष्मान वार्ड, फिजियोथैरेपी यूनिट, डीसीएचसी, पैथोलजी समेत कई वार्डों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पताल की हर छोटी से छोटी त्रुटियों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, आयुष्मान डीपीएम सुमित कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** देवी मंडप रोड स्थित मां भगवती प्रांगण में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी कर ली गई है। मां भगवती प्रबंधन समिति के तत्वाधान में आयोजित 7 दिनी कार्यक्रमों में 21 मई को कलश यात्रा से अनुष्ठान की शुरुआत होगी। संध्या 7 बजे इस महायज्ञ की उद्घाटन विधायक डॉ.नीरा यादव करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा के सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव उपस्थित होंगे। 22 और 23 को वेदी पूजन 24 को नगर भ्रमण 25 को प्राण प्रतिष्ठा 26 को रुद्राभिषेक एवं 27 को पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन की जाएगी। भक्तों के लिए 6 दिनों तक राम कथा संत प्रभु दास महाराज के द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

### एनटीपीसी की ओर से गर्ल्स मिडिल स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

**चतरा।** जिले के टंडवा स्थित यूपीजी गर्ल्स मिडिल स्कूल में एनटीपीसी की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला भी हुई। इसका नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा रानी ने किया। इस सत्र से लगभग 85 छात्राओं को स्वास्थ्य लाभ की जानकारी मिली। चिकित्सकों ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और स्वच्छता की आदतों पर विशेष जोर देने के साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। अंत में स्वच्छता किट वितरित किए गए। एनटीपीसी ने कन्या मध्य विद्यालय टंडवा को झाड़ू, कूड़ेदान और टोपियां उपलब्ध कराई। मौके पर सीएसआर एक्जीक्यूटिव जीत सिंह संधू और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एक्जीक्यूटिव मोहिनी कुमारी ने लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्यों सरिता राय और पिंकी समेत अन्य उपस्थित थे।

### आत्महत्या करने पहुंचे बुजूर्ग को पुलिस के जवानों ने बचाया

**कोडरमा।** आत्महत्या करने तालाब में डूबने गए बुजुर्ग को कोडरमा थाना के तीन पैंथर के जवानों ने ततपरता दिखाते हुए न केवल बुजुर्ग की जान को बचाया बल्कि घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया। पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा कोडरमा बाजार में हो रही है, बुजुर्ग की पहचान सहाना रोड कोलटेक्स निवासी 75 वर्षीय नन्दकिशोर मोदी के रूप में हुई। बताया जाता है कि उक्त बुजुर्ग बीते देर रात्रि को आत्महत्या करने की नीयत से राजा तालाब में उतर रहा था, इसी दौरान गश्ती में शामिल पैंथर के तीन जवानों की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद थाना को इसकी जानकारी देते हुए पुलिस के तीनों जवानों ने तालाब में गए बुजुर्ग को किसी तरह बाहर निकाल कर उसे घायलावस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

स्पीड न्यूज

## विक्षिप्त व्यक्ति की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत गरदाहा गांव स्थित प्राचीन मठ के प्रांगण में करीब 65 वर्षीय एक अज्ञात मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति शनिवार की सुबह में गंभीर रूप से बीमार की हालत में पाया गया। गढ़वा में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिये। उसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया।

## सात दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ किया गया

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड के राहम गाँव में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुभारंभ हो गया। इस कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास एवं विशिष्ट अतिथि आजसू नेता मनोज चंद्रा जिला परिसद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, समेत अन्य शामिल हुए।

## भू-रैयतो ने जीएम के नाम श्रम मंत्री को सौंपा पत्र

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को मगध संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित मासिलौंग गांव के भुरैयतों ने अपनी मांग को लेकर मगध-संघमित्रा के जीएम के नाम श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को पत्र प्रेषित किया गया। पत्र के अनुसार 23 सूत्री मांग मांगी गई जो इस प्रकार से है, जैसे सीसीएल द्वारा 2003 में अधिग्रहित गैर मजूरवा जमीन का अभी तक बकाया मुवाबजा एवं नौकरी की मांग, सीसीएल द्वारा 2014 में विस्थापित मासिलौंग गांव में स्वास्थ्य केंद्र खोलकर बंद कर दिया जिसे अभिलब चालू करवाने की मांग, इस प्रकार से अन्य मांगे शामिल है।

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चतरा द्वारा एक मुश्त सुद माफी योजना जागरूकता रथ को जिला परिषद् अध्यक्ष ममता कुमारी व जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बिरजू तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग ने अपने ग्राहकों के लिए एक मुश्त बिल जमा योजना की शुरूआत की है।

## कलशयात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा शुरू

**चतरा।** जिले के लावालौंग प्रखंड अंतर्गत शिवराजपुर गांव में शनिवार को छः दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व विशिष्ट अतिथि के रूप भाजपा नेता जीतन राम शामिल हुए।

## धारदार हथियार से मारकर हत्या

**चाइबासा।** बंदगाँव थाना अन्तर्गत ग्राम कोनसेया में मंगरा कुम्हार, उम्र करीब 23 वर्ष, पे० करम सिंह कुम्हार, सा०- कोनसेया, थाना- बंदगाँव, जिला- प०सिंहभूम (चाईबासा) को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी, जिस संबंध में अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध बंदगाँव थाना काण्ड सं0- 18/23, दि० 11.05.2023, धारा- 302/201 भा0द0वि0 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ की गई।

## दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो लोग घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी गुड्डू राम की पुत्र सत्य रंजन पासवान 17 वर्ष की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गई है। जबकि मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोग घायल हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान

**धनबाद।** शनिवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी धनबाद के आदेशानुसार बाघमारा प्रखंड के मातिगढ़ा पंचायत एवं लूटी पहाड़ी पंचायत में युगल इन्दु विकास केन्द्र स्वयंसेवी संस्था द्वारा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ से संबंधित जागरूकता तथा छुआछूत एवं भेदभाव, पशुधन विकास योजना के तहत किसानों को राज्य सरकार की ओर से 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# जनगणना या सर्वे? नीतीश सरकार के कास्ट सेंसस पर अदालत में क्यों और कैसे फंस गया पेंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में जातिगत सर्वे पर फिलहाल रोक रहेगी। पटना हाई कोर्ट से झटका लगने के बाद नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पहले ये तय करना होगा कि ये सर्वे है या जनगणना? ऐसे में जानते हैं कि आखिर किस वजह से अदालत ने जातिगत सर्वे पर रोक लगा दी है? बिहार की नीतीश सरकार को जातिगत सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। नीतीश सरकार ने जातिगत सर्वे पर रोक लगाने के पटना हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। पटना हाई कोर्ट ने बीती 4 मई को जातिगत सर्वे पर अंतरिम रोक लगा थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एएस ओक और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि पटना हाई कोर्ट में इस मामले की तीन जुलाई को सुनवाई होनी है, इसलिए इस पर हम 14 जुलाई को सुनवाई करेंगे।

## अतिक्रमण के विरुद्ध सांसद प्रतिनिधि ने खोला मोर्चा, डीसी को ज्ञापन

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद के कथित अतिक्रमण के खिलाफ गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघत मुहल्ला स्थित मिनी बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड का अतिक्रमण कर दुकान निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की गयी है। मांगपत्र में कहा गया है कि गढ़वा नगर परिषद ने संघत मुहल्ला स्थित दानरो नदी के किनारे लगभग 40 लाख रुपये की लागत से मिनी बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड का निर्माण कराया था। डीसी ने इस परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## मुखिया एवं ग्रामीण पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के जलासार, सावनियां, मेरोमगुटु के मुखिया ग्रामीणों के साथ शनिवार को जगन्नाथपुर पहुंच पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा से मिलने। डिग्री कॉलेज एवं विभिन्न समस्यायों को लेकर मुखियाओं ने अपनी बातों को रखा। ग्राम कटावा में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को अन्यत्र ले जाने के प्रयास का मुखियाओं ने विरोध किया। कहा कटवा में डिग्री कॉलेज के लिए काफी जमीन। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा ने कहा ग्रामीणों की मांगों को पदाधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखी जाएगी। मिलने आने वालों में दीपक सोय, मुखिया जलासार, रजनी पुष्पा हेम्ब्रम, मुखिया सावनियां, चिरपी बोदरा, मुखिया मेरोमगुटु, जदुराय मुण्डरी, कांग्रेस बंदगांव प्रखंड अध्यक्ष, आशिशन हपतगाड़ा, जुरा बोदरा, लोम्बा मुन्डु, गांगु मुन्डा, सुखराम प्रधान, गोपाल मुन्डा, लक्ष्मुराम मुण्डरी, बिरसा मुन्डु, नेल्सन मुण्डरी, नन्दलाल मुन्डु, मंगरा ओडेया, करमसिंह मुन्डरी, कालीदास हस्सा पुरती, कानू तैसुम आदि शामिल थे।

## 9 साल की बच्ची के साथ हैवानियत

**वैशाली।** बिहार से हत्या की खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां 9 साल की बच्ची का शव देखकर घरवालों के साथ ही इलाके के लोग सिहर उठे। बर्बरता की हदें पार करते हुए हत्यारों ने उसकी उंगलिया काट दीं। इतना ही नहीं शव को एसिड से जलाने का प्रयास भी किया। 9 साल की एक बच्ची 4 दिनों से गायब थी। अब उसका शव घर के पीछे झाड़ियों में मिला। हत्यारों ने उसकी उंगलिया काट दी थीं और शव को एसिड से जलाने का प्रयास भी किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के साथ ही मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दिल को झकझोर देने वाली ये घटना वैशाली जिले के जंदाहा की है।

## थाना परिसर में किया जा रहा पत्थर का उत्खनन : बसंत



**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना प्रभारी द्वारा थाना परिसर में पत्थर उत्खनन करने के संबंध में सांसद प्रतिनिधि बसंत मेहता ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को आवेदन देते हुए कार्यवाई की मांग की है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि आम लोगों के द्वारा कई बार शिकायत मिलने के बाद जानकारी हुआ कि मौजा, डोमचांच अंचल डोमचांच थाना परिसर में वर्षों से प्रकृति पहाड़ी लगभग 20 से 25 फीट ऊंचा रकवा लगभग 15 डिसमिल जमीन में जीवित पत्थर स्थित था, जो कुछ दिनों से नियम को ताक पर रखकर बिना कोई आदेश के मनमाने तरीके से डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान एवं डीएमओ दारोगा राय के द्वारा जोर-शोर से पत्थर उत्खनन किया जा रहा है।

## मधवाटांड में समर कैंप का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में शनिवार को समर कैंप का समापन हो गया। इस समर कैम्प में एक सप्ताह के दौरान विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं जैसे पेन्टिंग्स, क्विज, निबंध-लेखन, भाषण, वाद-विवाद, क्रिकेट मैच, म्यूजिक, प्रोजेक्ट वर्क और योग आदि गतिविधियां आयोजित की गई। इन सारी गतिविधियों के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि उपरोक्त सारी गतिविधियां बच्चों के मन-मस्तिष्क को एकाग्र करता है और उनके दिल में खुशियाँ और उमंग छा जाती हैं। इन सभी गतिविधियों में शिक्षकों की भूमिका काफी सराहनीय होती हैं। वहीं योग शिक्षक मुकेश राणा ने बच्चों को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और विभिन्न प्रकार के मुद्राओं का अभ्यास कराया। उन्होंने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग विभिन्न प्रकार के रोगों (आधी-व्याधि) का निवारण करता है। समर कैम्प के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियों के लिए क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर पर उप प्राचार्य रविन्द्र कुमार रवि, गोपाल कुमार, नरेश सिंह, सीताराम यादव, फुलंगीचंद्र यादव, दीपक कुमार, नीलम प्रभा, शरीफ अन्सारी, केदार यादव, शमशेर आलम, महेंद्र पाण्डेय, शाहिद हुसैन, पप्पू कुमार रजक, रामचंद्र यादव, चंदन गुप्ता, पंकज कुमार साव, सन्तोष कुमार, इस्तियाक अंसारी, निशु कुमारी, जन्नत परवीन, आरती कुमारी, सुनीता कुमारी, पम्मी राय आदि मौजूद थे।

## ट्रक चोर के मुख्य आरोपी को पकड़ने में पुलिस को मिली कामयाबी

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक चोर के मुख्य आरोपी टुनटुन चौधरी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले का उद्भेदन किया। बताया गया कि ये चोर अलग अलग थाने से पांच ट्रक की चोरी की थी, जिसमें पहले ही डोमचांच पुलिस ने एक ट्रक को बरामद कर लिया था। जिसके बाद से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम का गठन कर ट्रक चोर को पकड़ने की लगातार कोशिश की जा रही थी। आखिरकार कल ट्रैक के माध्यम से पुलिस ने ट्रक चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

## नम्रता चौबे का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



नम्रता के साथ भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** गढ़वा जिला के हुर गांव निवासी आईएस अधिकारी नम्रता चौबे का कांडी प्रखंड में आने पर भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया। अपने ननिहाल कांडी प्रखंड के बलियारी में पहुंची आईएस अधिकारी नम्रता चौबे को भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद व भाजपा कांडी मंडल के महामंत्री शशिरंजन दुबे ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। नम्रता चौबे ने पढ़ाई कर रहे बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि अच्छा से मेहनत कीजिए, आप जिस भी फिल्ड में जाना चाहते हैं, आपको अवश्य ही सफलता मिलेगी।

बताते चलें कि नम्रता चौबे आईएस का ट्रैनिंग पूरा कर छत्तीसगढ़ राज्य में योगदान दीं हैं। वे बलियारी गांव में अपने नानी व नाना संजय दुबे, मामा अविनाश दुबे, पंकज दुबे से मिलने आईं थीं।

## क्षेत्र और जनता से पूरी तरह कट गए हैं पूर्व विधायक : नितेश

**गढ़वा।** जेएमएम के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने बीजेपी नेता सह क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा की पूर्व विधायक पिछले तीन वर्षो से क्षेत्र की जनता से पूरी तरह दूर हो गए है। वे जनता के किस भी सुख-दुःख में शामिल नही हो रहे हैं। लग्न में भी वे नदारद हैं।। गढ़वा के वर्तमान विधायक सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लोगों के दिलों मे बसते हैं। जनता उनसे सीधे जुड़ी हुई है। यही वजह है कि प्रतिदिन लग्न में उनके पास सैकड़ो शादी की कार्ड आ रही है। मंत्री और उनकी टीम पूरी तन्मयता से सभी के शादियों मे शरीक हो रहे हैं। लोग दिल खोलकर मंत्री जी का स्वागत कर रहे हैं। लेकिन आज पूर्व विधायक को कोई पूछ नहीं रहा है।

## व्यवसायिक संघ के संयोजक के चाचा का निधन




शव को ले जाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** ढेकुलिया निवासी सह भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के संयोजक ब्रजेश चंद्रवंशी के चाचा बेलास राम 105 वर्ष का निधन शुक्रवार की देर शाम हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र के कई गणमान्य समाजसेवी उनके घर पहुंचकर मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। दाह संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। उनके भतीजा रमेश चंद्रवंशी ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में भवनाथपुर पंचायत के मुखिया पति सुजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य चंदन ठाकुर, व्यवसाय संघ के अध्यक्ष नीतीश गुप्ता, सचिव नवल कुमार गुप्ता, अर्जुन चंद्रवंशी, अलख चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, बुचूल चन्द्रवंशी सहित कई अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्णः डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 के मार्च तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2022-2023 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई।

वहीं बैठक में उपायुक्त ने कहा योग्य छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने हेतु जिले में शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग्य छात्र छात्राओं का अकाउंट खोले जिससे शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृति से लाभान्वित किया जा सके।

साथ ही कहा किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बैंको में परे लंबित आवेदन का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए, अरूण कुमार एक्का, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक शुभम कुमार शोम, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा एवं सभी बैंको के शाखा प्रबंधक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अनिश्चितकालीन तालाबंदी की दी चेतावनी

**दुमका।** सेंट्रल यूर्निवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) नामांकन प्रक्रिया के विरोध में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति ने शनिवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय के दिग्घी कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया। छात्र समन्वय समिति ने छात्रों का परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर बनाये जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। समन्वय समिति ने कुलपति को दिए आवेदन में बताया कि विश्वविद्यालय का वर्तमान सत्र सीयूईटी के माध्यम से छात्रों का नामांकन होना है। सीयूईटी का फार्म भरने के बाद छात्रों का प्रवेश पत्र भी आ गया। परीक्षा केंद्र दूसरे राज्य में होने से छात्रों को होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए समन्वय समिति ने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़ा इलाका संताल परगना होने के कारण छात्र परीक्षा केंद्र पर जाने में भी असक्षम है। गौरतलब हो कि छात्रों ने इससे पूर्व विश्वविद्यालय प्रशासन के माध्यम से दुमका आगमन पर राज्यपाल सह कुलाधिपति को भी छात्रों की भविष्य में होने वाली परेशानी से अवगत करवाया गया था। लेकिन इस ओर सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। संताल बहुल क्षेत्र में एक मात्र विश्वविद्यालय एसकेएमयू है। यहां के लोग आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े है। ऐसी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर बनाया जाना समन्वय समिति ने विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए सीयूईटी को मानक माना जाना छात्रहित में न्यायोचित नहीं ठहराया।

### बीडीओ के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**जामा।** जामा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने किया। बैठक के दौरान बीडीओ ने मनरेगा योजना के कार्य में तेजी लाने, लंबित एवं अपूर्ण आवास योजना को अविलंब पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा मनरेगा योजना के पंचायत में सोशल ऑडिट की तैयारी, बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना, सुजलाम सोक पिट निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवस योजना का जियो टैग, आंगनबाड़ी केन्द्र के निमार्णाधीन भवन निर्माण की पूर्णता एवं जल सहिया का चयन सहित अन्य आवश्यक योजनाओं का क्रमशः समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बीडीओ ने अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। जियो टैग कर सेकंड एप्टियो का भुगतान और आवास प्लस में मनरेगा का भुगतान करने का निर्देश दिया। मनरेगा को लेकर सोशल ऑडिट जनसुनवाई के संदर्भ में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। मनरेगा में सिंचाई कूप, डोभा निर्माण योजना को बंद किया जाना है। जिसे ऑडिड से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा में खेल मैदान सहित अन्य योजना चयन प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। कहा सभी गांव में सॉक पिट का निर्माण किया जाना है। जिससे पानी बेकार नहीं हो एवं वहीं जलसहिया चयन को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि आठ में तीन लंबित जलसहिया के रिक्त पद पर चयन किया जाना है। जिसको लेकर एसबीएम कोऑर्डिनेटर को चयन कराने का निर्देश दिया गया है। बैठक में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मिनाती सिंह पर्यवेक्षक विकास मिश्रा, सहायक अभियंता गुंजन राज, कनीय अभियंता विष्णु राज, अनिकेत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पेज 1 का शेष

### विपक्ष ने फिर दी एकजुटता ...

वहीं अन्न भाग्य योजना के तहत सभी बीपीएल परिवार प्रति सदस्य के हिसाब से हर महीने मुफ्त 10 किलो चावल दिया जायेगा। **विपक्षी एका का संदेश :** शपथ ग्रहण समारोह के दौरान खचाखच भरे कांटीरवा स्टेडियम में सबकी निगाहें मंच पर इसलिए बार- बार जा रही थीं कि वहां देश के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता और विपक्ष शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। वे एक दूसरे से बड़ी गर्मजोशी से मिल रहे थे। वे एक दूसरे का हाथ पकड़कर विजयी मुद्रा में ऊपर उठाया और एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की। खड़गे, राहुल-प्रियंका के साथ-साथ राजस्थान के लीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, हिमाचल के सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के हेमंत सोरेन, बिहार के नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, तमिलनाडु के सीएम एवं द्रमुक नेता एम के स्टालिन, राकांपा प्रमुख शरद पवार, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस समारोह में हिस्सा लिया। वहीं वामदलों की ओर से भाग लेनेवाले प्रमुख नेताओं में माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, डी राजा, भाकपा (माले) के प्रमुख दीपांकर भट्टाचार्य भी थे। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं हो सकीं। उनकी ओर से लोकसभा में पार्टी की उप नेता काकोली घोष दस्तीदार को भेजा था। **मायावती, एके, बीजद, वाईएसआर को न्यौता नहीं :** शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस ने इस समारोह में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव और बसपा प्रमुख मायावती को आमंत्रित नहीं किया था। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को भी आमंत्रित नहीं किया गया। **पीएम मोदी ने दी बधाई दी :** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, दोनों को बधाई। सार्थक कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### 16 करोड़ ठगनेवाला...

ताकि लोगों को आसानी से झांसे में लिया जा सके। शेयर मार्केट के नाम पर पैसा लोगों से ऐंठता था, उसे कहीं इनवेस्ट नहीं करता था, बल्कि अपने पास रख लेता था। पैसा जमा करते हुए ज्यादा दिन होने पर जब लोग रिटर्न के लिए उसके ऑफिस पहुंचे तब जाकर उसकी असलियत सामने आयी। लोगों ने जब अपने पैसे मांगने शुरू किये तब वह फरार होकर रांची आ गया। **लोगों ने बड़ी रकम तक दी थी :** रेहान के पास छोटी-मोटी रकम जमा करने वालों की कमी नहीं थी, लेकिन 15 प्रतिशत कमीशन के लालच में कुछ लोगों ने अपने लाखों रुपये उसके पास जमा कर रखे थे। एक भुक्तभोगी मो. शहनवाज ने भी 15 प्रतिशत कमीशन के चक्कर में रेहान के पास 3 लाख रुपये जमा करवा दिये। वहीं जब उन्हें कोई कमीशन कभी नहीं मिला तो अपने पैसे लेने उसके पास गया। पैसे देने के नाम पर उसकी टालमटोल शुरू हो गयी। एक बार तो उसने 3 लाख का चेक भी शहनवाज को दिया, लेकिन वह चेक बाउंस कर गया। पैसे देने वालों के बढ़ते दवाब के कारण रेहान भागकर रांची आ गया। उसने विदेश भागने की भी तैयारी कर ली थी, लेकिन आखिर वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। **पुलिस के सामने रेहान ने किये कई खुलासे :** रेहान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में कई बड़े खुलासे रेहान ने किया है। रेहान ने ठगी करने के लिए दफ्तर खोल रखा था। पैसों का कलेक्शन करने के लिए उसने स्टाफ भी रखे थे। इन स्टाफ को वह वेतन भी दिया करता था। ग्राहकों से पैसा कलेक्ट क स्टाफ उसे रेहान के पास जमा करते थे। यानी पूरी योजना बनाकर रेहान फ्रॉड करता था।

### अगली शिखर बैठक...

उन्होंने कहा कि क्वाड शिखर वार्ता हिंद प्रशांत क्षेत्र में समावेशी और मानवकेंद्रित विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर है। शिखर वाता में क्वाड देशों ने सीमा पार से आतंकवाद और मुंबई आतंकी हमले की निंदा की। उल्लेखनीय है कि क्वाड शिखर वार्ता सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यक्रम में परिवर्तन होने के कारण इसे टाल दिया गया था। बाद में क्वाड नेताओं ने हिरोशिमा में अपनी मौजूदगी का उपयोग करते हुए वहीं पर आयोजित करने का फैसला किया। पीएम मोदी की हिरोशिमा में विभिन्न देशों के नेताओं के साथ मुलाकात और बैठकों के संबंध में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने मीडिया को बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादमीर जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन यात्रा के लिए न्यौता दिया। दोनों नेताओं ने हिरोशिमा में मुलाकात की थी, जिसमें मोदी ने वार्ता और कूटनीति के जरिये समस्या के समाधान पर जोर दिया था। मोदी ने समस्या के समाधान के लिए अपनी ओर से हरसंभव सहयोग की पेशकश की।

## रूसी हमले के बाद पहली बार यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिले मोदी, कहा

# युद्ध रोकने का हर कोशिश करेंगे

एजेंसी

**हिरोशिमा।** यूक्रेन पर रूस द्वारा 15 महीने पहले हमला शुरू किये जाने के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शनिवार को आमने-सामने की वार्ता की और उन्हें बताया कि संघर्ष का समाधान तलाशने के लिए भारत हर संभव प्रयास करेगा। हिरोशिमा में जी-7 समूह के शिखर सम्मेलन से इतर हुई बैठक में, प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा मुद्दा है और समूचे विश्व पर इसके कई अलग-अलग प्रभाव पड़े हैं। मोदी ने वार्ता के दौरान कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत और मैं, अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, इस संघर्ष का समाधान तलाशने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री ने यूक्रेनी नेता से कहा कि वह संघर्ष को एक राजनीतिक या आर्थिक मुद्दे के रूप में नहीं देखते हैं और उनके लिए यह मानवता का मुद्दा है। जेलेंस्की ने भारतीय पक्ष को अपने शांति सूत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भारत से इसके कार्यान्वयन में शामिल होने का आग्रह किया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने यूक्रेन के नेता को समाधान निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति के वास्ते भारत के स्पष्ट समर्थन से अवगत कराया और कहा कि भारत यूक्रेन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध पिछले साल फरवरी में शुरू हुआ था। मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ जेलेंस्की से फोन पर कई बार बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा है कि संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल के दौरान फोन पर बातचीत हुई है, लेकिन, बहुत दिनों बाद मिलने का मौका मिला। यूक्रेन संकट पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा मुद्दा है। पूरी दुनिया पर इसके कई अलग-अलग प्रभाव पड़े हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक मुद्दे के रूप में नहीं देखता, मेरे लिए यह मानवता का मुद्दा है।

**जेलेंस्की ने भारत को अपने शांति सूत्र की दी जानकारी**



मोदी ने कहा कि युद्ध की पीड़ा क्या होती है, यह हम सब से ज्यादा आप जानते हैं। जब हमारे छात्र पिछले साल यूक्रेन से वापस आये, तब उन्होंने हालात के बारे में विस्तृत रूप से जो कुछ बताया, उससे मैं आपके और यूक्रेनी नागरिकों के दर्द को समझ सका। जेलेंस्की ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का समर्थन करने और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत को धन्यवाद देता हूं। पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद, भारत ने यूक्रेन से हजारों छात्रों को निकाला था।वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में, विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल शामिल थे।

### मैक्रों व गुटेरेस से मिले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान बैस्टिल दिवस के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में प्रगति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मिले। भारतीय प्रधानमंत्री ट्वीट कर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ हुई अपनी बातचीत को शानदार करार दिया।

**जर्मनी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ बैठक की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय विदेश मंत्रालय के ट्वीट में जानकारी दी गयी कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन एवं समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रमों एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### जरूरतमंद देशों को किफायती ऋण मुहैया कराना जरूरी : मोदी

**हिरोशिमा ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती को ऊर्जा के संदर्भ से परे देखने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि यदि हम इन चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरतमंद देशों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और किफायती ऋण उपलब्ध नहीं करा सके तो इस संकट से निजात नहीं पा सकेंगे। श्री मोदी ने शनिवार को जी-7 के सातवें कार्य सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। अनेक संकटों से ग्रस्त विश्व में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा, आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में पृथ्वी को माँ का दर्जा दिया गया है और इन सभी चुनौतियों के समाधान के लिए हमें पृथ्वी की पुकार सुननी होगी। उसके अनुरूप अपने आप को, अपने व्यवहार को बदलना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के किसान हर बूंद, अधिक उपज के मिशन पर चलते हुए पानी की एक एक बूँद बचा कर प्रगति और विकास की राह पर चल रहे हैं। हम नेट जीरो 2070 के हमारे लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### जापान में बाइडेन से गले मिले मोदी



**हिरोशिमा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जापानी शहर हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक दूसरे का अभिवादन किया और आपस में गले मिले। दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त चर्चा भी हुई । प्रधानमंत्री मोदी का अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाने का कार्यक्रम भी है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के लिए 22 जून को राजकीय भोज का आयोजन किया जायेगा ।जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी सितंबर 2021 में क्वाड समूह के नेताओं की बैठक में हिस्सा लेने वाशिंगटन गए थे। उस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई थी।

### गैंगस्टर बिश्नोई का सहयोगी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** एनआईए ने शनिवार को कहा कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एक सहयोगी को आपराधिक गिरोहों के सदस्यों द्वारा साजिश रचे जाने से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। देश-विदेश में स्थित इन गिरोहों ने दिल्ली और अन्य स्थानों पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने तथा युवाओं की भर्ती के लिए यह साजिश रची थी। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी का नाम युद्धवीर सिंह उर्फ साधु है और वह हरियाणा के फतेहाबाद इलाके का निवासी है। प्रवक्ता ने बताया कि युद्धवीर इस मामले में वांछित था।

### हेमकुंड साहिब सिक्ख श्रद्धालुओं के लिए खुला

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुखमनी साहिब जी की अरदास और पाठ के बाद फूलों की वर्षा के बीच प्रसिद्ध गुरुद्वारे के खुलने के समय 2,000 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित थे। यह गुरुद्वारा सर्दियों के दौरान बंद रहता है ,क्योंकि यह बर्फ से ढक जाता है। शनिवार को भी इसके आसपास काफी बर्फ थी। तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे ने मत्था टेकने के लिए शनिवार सुबह गोविंदघाट से हेमकुंड के लिए पैदल यात्रा की।

### अस्पताल जा रही महिला की हत्या

**फिरोजाबाद।** शहर के तिलक नगर इलाके में शनिवार सुबह अस्पताल जा रही एक महिला को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कर्नाटक में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देंगे: राहुल

### नफरत के बाजार में मोहब्बत की लाखों दुकानें खुली

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की जीत के लिए प्रदेश की जनता का धन्यवाद करते हुए शनिवार को कहा कि दक्षिण भारत के इस राज्य ने नफरत के बाजार में मोहब्बत की लाखों दुकानें खोल दी हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और आठ मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद जनता से साफ-सुथरी और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन देने का वादा किया। राहुल गांधी का यह भी कहना था कि कैबिनेट की पहली बैठक में कांग्रेस की ओर से दी गई पांचों गारंटी कानून का रूप ले लेगी। उन्होंने स्थानीय श्री कांतीरवा स्टेडियम में लोगों को संबोधित किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक की जनता का धन्यवाद करता हूं। आपने पूरी तरह से समर्थन दिया। पिछले पांच वर्षों में आपने कौन-कौन सी मुश्किलें सही हैं, हम और आप जानते हैं... इस जीत का सिर्फ एक कारण है कि कांग्रेस कर्नाटक के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के साथ खड़ी हुई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा की सारी ताकत को परास्त कर दिया, उनके भ्रष्टाचार और नफरत को हरा दिया। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान के अपने संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि नफरत के बाजार में कर्नाटक ने मोहब्बत की लाखों दुकानें खोली हैं। उन्होंने कांग्रेस की ओर से दी गई पांच गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने कहा था कि हम झूठे वादे नहीं करते, जो कहते हैं वह हम कर दिखाते हैं। एक दो घंटे में सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होगी। ये वादे कानून बन जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम आपको साफ-सुथरी और भ्रष्टाचार-मुक्त सरकार देंगे...यह कर्नाटक की जनता की सरकार है और यह दिल से आपके लिए काम करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।



### विस का सत्र कल से

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि 22 मई से तीन दिन के लिए विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी और नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सिद्धरमैया ने कहा कि सोमवार, मंगलवार और बुधवार के लिए विधानसभा सत्र बुला रहे हैं। राज्यपाल से अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि 24 मई से पहले नयी विधानसभा का गठन किया जाना है।

बंगाल : स्कूल भर्ती घोटाला

### सीबीआइ ने की अभिषेक बनर्जी से 6 घंटे तक पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआइ के अधिकारियों ने स्कूल भर्ती घोटाले में शनिवार को टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। बनर्जी ने यहां निजाम पैलेस में सीबीआई कार्यालय पहुंचने से पहले, एजेंसी को एक पत्र लिखकर उच्च न्यायालय के उस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के अपने फैसले की जानकारी दी, जिसमें अदालत ने जांच एजेंसियों सीबीआई और ईडी को उनसे पूछताछ करने की अनुमति दी है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों ने टीएमसी नेता से सवाल किया कि स्कूल भर्ती घोटाले के एक आरोपी कुंतल घोष ने क्यों आरोप लगाया है कि उन पर उनका नाम लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उन्हें घोष के बयान के पीछे के कारणों की कोई जानकारी नहीं है। टीएमसी नेता बनर्जी का नाम घोटाले में एक आरोपी कुंतल घोष द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत में सामने आया था।

## पटना समेत 6 एम्स में होगा कैसलेस इलाज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के सभी लाभार्थियों के लिए भोपाल, भुवनेश्वर, पटना, जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश स्थित सभी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में नकदीरहित (कैसलेस) इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सीजीएचएस के तहत कैसलेस इलाज प्रदान करने के लिए इन छह एम्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भोपाल, भुवनेश्वर, पटना, जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश में छह पूरी तरह कार्यात्मक एम्स में उपलब्ध रोगी देखभाल सुविधाओं को नकदीरहित आधार पर सीजीएचएस लाभार्थियों तक बढ़ाया जाएगा। यह विशेष रूप से सीजीएचएस के सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों के लिए फायदेमंद होगा, जिन्हें व्यक्तिगत प्रतिपूर्ति दावों को पेश करने और अनुमोदनों का पालन करने में मुश्किल होती है। सीजीएचएस लाभार्थियों को पहले भुगतान करने और फिर सीजीएचएस से प्रतिपूर्ति मांगने की परेशानी के बिना इन एम्स में उपलब्ध अत्याधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस पहल से समय की बचत होगी, कागजी कार्रवाई कम होगी और व्यक्तिगत दावे भी कम होंगे। अभी तक एम्स में उपचार करा रहे सीजीएचएस पेंशनभोगी लाभार्थियों को पहले भुगतान करना होता है और बाद में सीजीएचएस से प्रतिपूर्ति का दावा करना होता है। सीजीएचएस लाभार्थियों को अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करवाने के लिए सीजीएचएस के तहत सूचीबद्ध सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों में भेजा जाता है। सीजीएचएस पेंशनभोगी और सीजीएचएस लाभार्थियों की अन्य हकदार श्रेणियां सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस सुविधाओं के लिए पात्र हैं।

**सीजीएचएस के सेवानिवृत पेंशनभोगी को मिलेगा लाभ**

## सीएम पटनायक के पास 65.40 करोड़ की संपत्ति


**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पास 65.40 करोड़ रुपये की संपत्ति है तथा दिसंबर 2022 तक उन पर कोई देनदारी नहीं थी। इसके अलावा, राज्य के 14 मंत्री भी करोड़पति हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में मुख्यमंत्री की संपत्ति 43 लाख रुपये से बढ़कर 64.97 करोड़ रुपये हो गयी। ओडिशा में सभी मंत्रियों ने अपनी संपत्ति की जानकारियां एक आधिकारिक पोर्टल पर दी है। वेबसाइट के अनुसार, पटनायक की चल संपत्ति 2021-22 में बढ़ी है जबकि अचल संपत्ति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पटनायक के पास 12.52 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है जिसमें दिल्ली, भुवनेश्वर, हिन्जिलीकट और बारगढ़ में बैंक खातों के साथ आभूषण और चार पहिया एक गाड़ी भी शामिल है। ।रबीआई बॉन्ड और डाकघर में 1.50 करोड़ रुपये की जमा राशि है।

राज्य के अन्य करोड़पति मंत्रियों में अशोक चंद्र पांडा, प्रीति रंजन घड़ेई, रणेंद्र प्रताप स्वैन, प्रमिला मलिक, निरंजन पुजारी, उषा देवी, अतनु सब्यसाची नायक, राजेंद्र ढोलकिया, तुकुनी साहू, प्रदीप कुमार अमात, पीके देब, बसंती हेबराम, रोहित पुजारी और अश्विनी पात्रा शामिल हैं।

**ओडिशा में सीएम समेत सभी मंत्रियों ने अपनी संपत्ति की जानकारियां एक पोर्टल पर दी**

## कार में इलियाना ने किया बेबी बंप आउट फ्लॉन्ट

**मुंबई।** मां बनने जा रही एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गाड़ी में बैठी नजर आ रही हैं और बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। इलियाना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्लिप शेयर की। इस क्लिप में उन्होंने ब्लैक और वाइट ड्रेस पहनीं हुई है और वह कार में बैठीं है। उन्होंने कैप्शन में इसे सन आउट, बम्प आउट कहा। पिछले महीने, एक्ट्रेस घोषणा की कि वह प्रेग्नेंट है। उन्होंने किड टीशर्ट, जिसपर एंड सो द एडवेंचर बिगिन्स लिखा था और ममा का पेंडेट की फोटो शेयर की थी। पहली खबर आई थी कि इलियाना कैटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन लॉरेंट मिशेल को डेट कर रही हैं। हालांकि, उनमें से किसी ने भी रिश्तों की पुष्टि नहीं की। हालांकि, इलियाना ने अभी भी बच्चे के पिता के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है।




बिना ऑपरेशन किये 100% गारंटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित


निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, TUARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।
श्रीलेदर्स नमन् करता है अपने संस्थापक को उनकी 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर

पूज्यनीय सुरेश चंद्र डे
स्वपनद्रष्टा • योद्धा • प्रेरणास्रोत
21.04.1911 - 21.05.1990
परिश्रम जिसका कर्तव्य था।
परमार्थ जिसकी भक्ति थी।।
कर्म हमेशा ऐसे किए की सबके दिलो में गूंजते रहे।
आपका प्रेममय स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा।।
Sreeleathers
परिवार

# डाक्टरी सलाह से दवाई लेने में ही है भलाई



**अपने** आसपास, दोस्तों-संबंधियों के यहां देखने को मिलता है कि कई लोग हर छोटी-बड़ी बीमारी का इलाज स्वयं शुरू कर देते हैं। इस इलाज का आधार होता है इंटरनेट के सर्च इंजिन और पूर्व में परिवार के किसी और सदस्य को हुई समान लक्षणों वाली बीमारी के लिए चिकित्सक द्वारा दी गई दवाई और या दवाई की पर्ची। हम भूल जाते हैं कि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना, उसकी आवश्यकता, उसके शरीर पर दवाइयों का प्रभाव अलग-अलग होता है। यह भी कि एक विशेष दवाई या रसायन के प्रति, हर व्यक्ति का शरीर भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतिक्रिया करता है।

## दवाओं का सामान्य ज्ञान जरूरी

यह अच्छी बात भी है कि आज की युवा, शिक्षित पीढ़ी, इंटरनेट की कृपा से चिकित्सीय परीक्षण, उपचार पद्धति और औषधियों के विषय में काफी जागरूक है। रोगों और दवाइयों के विषय में सामान्य जानकारी होना एक सकारात्मक गुण है। आज जिस तरह से चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा का व्यवसायीकरण हुआ है । ऐसे में चिकित्सक को भी थोड़ा व्यावसायिक होना ही पड़ा है। ऐसी परिस्थितियों में आपको रोगों, दवाइयों और चिकित्सा परीक्षणों की सामान्य जानकारी होना अति आवश्यक है, ताकि आपका या आपके रोगी का हॉस्पिटल और चिकित्सकों द्वारा अनावश्यक शोषण न किया जा सके।

## चिंतनीय पहलू

सामान्य जानकारी होना सकारात्मक ही कहा जायेगा परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप स्वयं डॉक्टर बन, परिवार के लोगों को दवाई देने लग जाएं। स्व औषधि प्रयोग का आज जो सबसे खतरनाक और चिंतनीय पहलू हमारे सामने आ रहा है, पिछले वर्ष एक समाचार के अनुसार मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित एंटीबायोटिक दवाओं के असर के बारे में हुए अब तक के सबसे बड़े अध्ययन के अनुसार वर्ष 2019 में दुनिया भर में 12 लाख से अधिक लोग मौत के ग्रास बन गए जिसका कारण एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेन्स (एएमआर) या दवाइयों का अप्रभावी होने को माना गया है। इससे बीमारियों का उपचार कठिन हो जाता है तथा मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

## एंटीबायोटिक प्रतिरोध

एक शोधकर्ता टीम के अनुसार, वर्ष 2019 में दुनिया भर में लगभग 60 लाख लोगों की मृत्यु का प्रत्यक्ष या परोक्ष कारण एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेन्स (एएमआर) रहा। यह आंकड़ा मलेरिया और एड्स से होने वाली मौतों से बहुत अधिक है।

उपरोक्त रिपोर्ट का सार यह है कि पूरी दुनिया एंटीबायोटिक की इस सीमा तक आदी हो चुकी है कि अब बहुत से बैक्टीरिया पर एंटीबायोटिक अप्रभावी हो चुकी है।

और अगर यही रफ़्तार रही तो हम बहुत जल्द ही पुराने वाले दौर में पहुंच जाएंगे। ऐसे में मेडिकल साइंस की प्रगति व्यर्थ साबित हो सकती है।

## खुद ही डाक्टर!

चिकित्सकों की पुरानी पर्चियों के आधार पर रोगी सीधा मेडिकल स्टोर से ऐसी दवाइयां ले रहे हैं। चिकित्सक एंटीबायोटिक्स की खुराक की मात्रा रोगी की आयु तथा वजन के अनुसार निश्चित करते हैं तथा एक निश्चित अवधि के लिए दवाई लेनी होती है। अगर आप ठीक हो भी गए हैं तब भी आपको डॉक्टर द्वारा बताई गई अवधि तक यह दवाई लेनी होगी। इसका कारण है कि यह शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता के लिए जरूरी है। परंतु आज लोग एंटीबायोटिक्स वर्ग की दवाइयों के साथ जैसे मजाक-सा कर रहे हैं। जब मर्जी होती है एंटीबायोटिक्स लेना आरंभ कर लेते हैं, जैसे ही थोड़ा आराम होने लगता है , एंटीबायोटिक दवाएं लेना बंद कर देते हैं। जिसका परिणाम होता है रोग के सूक्ष्मजीवों का एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोधात्मक हो जाना। अगर भविष्य में उसी रोग के जीवाणु शरीर पर फिर हमला करते हैं तो यह एंटीबायोटिक अब इन जीवाणुओं पर प्रभावी नहीं रहेगी। अब उससे अधिक शक्तिशाली एंटीबायोटिक दवाएं लेनी पड़ेंगी।

## नयी-नयी एंटीबायोटिक

पहले जहां गिनी-चुनी एंटीबायोटिक्स होती थी, अब प्रतिदिन नयी-नयी एंटीबायोटिक ईजाद की जा रही हैं। और अगर यही स्थिति रही तो मनुष्य का शरीर धीरे-धीरे सभी एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोधी हो जायेगा और एंटीबायोटिक दवाएं, रोग के जीवाणुओं पर प्रभावी नहीं रह पाएंगी। अतः आज हमें इस बात को समझना होगा कि स्व-औषधि का चलन और अनुसरण हमारे शरीर पर कुप्रभाव ही डालेगा। दवाइयों से होने वाली एलर्जी भविष्य में घातक रूप ले सकती है। अतः दवाइयों का सेवन, अन्य खाद्य पदार्थों की तरह नहीं किया जाना चाहिए। चिकित्सक की सलाह से ही दवाइयों का सेवन किया जाना चाहिए।

# अपने शरीर को वेस्ट लुक दें, करें रोज एक्सरसाइज

बदलते लाइफस्टाइल में लोगों के शौक में भी काफी बदलाव आया है। लड़कियां हो लड़के अपनी बॉडी को परफैक्ट दिखाने के चक्कर में हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। लड़के में सिक्स पैक एब्स चाहिए तो वहीं लड़कियों को सेक्सी फिगर, जिसमें ब्रेस्ट और बट ग्रोथ काफी मायने रखती है।

अक्सर देखा जाता है कि लड़कियां अपने बट और ब्रेस्ट को खूबसूरत शेप देने के लिए सर्जरी का सहारा लेती है, इसमें पैसा को अच्छा खासा लग ही जाता है साथ ही कई तरह के रिस्क भी उठाने पड़ते है। परन्तु आप घर बैठे आसान से व्यायाम करके बिना सर्जरी अपने बट को खूबसूरत और परफैक्ट शेप दे सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी आसान सी एक्सरसाइज के बारे में बताएंगे, जिनको आप भी ट्राई कर सकती है।

### सिगल लेग ब्रिज

यह ऐसी एक्सरसाइज है, जो बट को सुडौल आकार देने के साथ आपके पैरों को भी खूबसूरत शेप देगी। अपनी रूटीन लाइफ में इस एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें।

**करने का तरीका** : सबसे पहले जमीन में सीधे लैट जाए, फिर एक पैर को हवा में ले जाते हुए सांस लें, फिर नीचे पैर का लाते हुए सांस को धीरे-धीरे समान्य रूप मे छोड़ते रहें। 10 सेकेंड के लिए पल्स को आराम दें और 20 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

### जंप स्क्वाट

जंप स्क्वाट के नामक इस एक्सरसाइज को उछल-कूद कर करना पड़ता है। इसको रोजाना करने से बट को परफैक्ट शेप के साथ-साथ मोटापा कम होगा।

**करने का तरीका** : इस एक्सरसाइज को धीरे-धीरे करें। बैठते समय पैरों के अंगूठे के ज्यादा करीब ना हो। इसको करने के लिए सीधा कूदे और उसके बाद सुरक्षित स्थिति में आकर स्क्वाट करें। यह एक्सरसाइज काफी आसान और बैस्ट है।

### एड़ी उठाना

इसको करने के लिए अपने दोनों हाथों को ऊपर सीधे करें। फिर एड़ियों को ऊपर को ओर उठाएं।

# लार में चमत्कारिक गुण न मिटाये



**जब** आप सुबह उठकर बिना कुल्ला के पानी पीते हैं तो रात भर जो मुंह में जमा लार होता है वो पानी के साथ मुंह से पेट में चला जाता है जो पेट के लिए बड़ा ही फायदेमंद साबित होता है। अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो उन्हें शुरू से ही एक गिलास पानी पीने की आदत डालनी चाहिए और बड़ो को तीन गिलास पीने की। पानी को बैठ कर धीरे-धीरे पीना चाहिए। मुंह की लार एक ऐसी चमत्कारिक दवाई है जो कितनी ही परेशानियों को कुछ ही दिनों में ठीक कर देती है।

### इसके क्या-क्या हैं फायदे

1. अगर आप सुबह-सुबह उठ कर अपने मुंह की लार जले हुए निशान पर लगाएंगे तो ऐसा करने से कुछ समय में दाग मिटने लगेगा।
2. आखों के नीचे काले घेरों पर सुबह की मुंह की लार से मालिश करें। धीरे धीरे ये काले घेरे ठीक हो जाएंगे। लेकिन इसको लगातार 2 महीनों तक ऐसा ही करें।
3. डायबिटीज के रोगियों को जहां चोट लगी है वहां सुबह की लार लगाए घाव जल्दी भरने लगेगा। शुगर के मरीजों का घाव बहुत ही मुश्किल से ठीक होता है। इसलिए यह उनके लिए एक कारगर उपाय है।
4. जब आंख आती है तो काफी दर्द होता है और आंखों से पानी भी आता है। ऐसे में अगर आप आंख पर लार लगाएंगे तो 24 घंटो के अंदर आंख सही हो जाती है।
5. आंखें कमजोर पड़ने पर सुबह उठ के काजल की तरह लार लगाएं। ऐसा करने से आंखों की रोशनी तेज होती है और चश्मा लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ती।
6. जिन लोगों के दाद हो गया हो वे भी इस लार को प्रतिदिन सुबह उठते ही बिना कुल्ला किए लगाए। दाद देखते ही देखते छूमंतर हो जाएगा।

# कमर दर्द से बचने के उपाय , 70 प्रतिशत महिला-पुरुष कमरदर्द से परेशान



कमर दर्द की शिकायत आजकल अधिकतर सभी को ही सुनने को मिलती है। कई बार ये समस्या इतनी ज्यादा हो जाती है कि ये गंभीर रूप धारण कर सकती है। इस दर्द के पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे कई औरतों को तो डिलीवरी के बाद यह शिकायत अक्सर ज्यादा होती है। कुछ लोग जो ऑफिस में जॉब करते है,उनका वहां पर लगातार बैठ कर काम करना भी एक बड़ा कारण होता है। आज हम कुछ ऐसे ही उपाय बता रहें हैं जिससे आपकी ये समस्या कुछ

1. ऑफिस में लगातार काम के स्ट्रैस में हम इतने बिजी हो जाते है कि ब्रेक लेना भूल जाते हैं। हर एक घंटे में कुछ मिनट का ब्रेक जरूर लें।इससे कमर को थोड़ा आराम मिलेगा।
2. कमर में दर्द होने पर नारियल या सरसों के तेल में लहसुन की तीन-चार कलियों को काला होने तक गर्म करें। जब ये गुनगुना हो जाएं तो इससे कमर की मालिश करें। आपको आराम मिलेगा। इस तेल को लगाने के बाद हवा में न ही जाएं।
3. जब भी आप कुर्सी पर बैठे तो झुककर न बैठें। गर्दन सीधी रखें और कमर को सीधा रखने के लिए कुर्सी के पीछे मोटा तौलिया लगाएं, इससे आराम मिलेगा। खास करके यदि आप ऑफिस में जॉब करते हैं तो बैठने का तरीका बदलें।
4. नर्म गद्देदार सीटों पर बैठने से बचें। अगर अक्सर ही कमर दर्द की शिकायत रहती है तो मुलायम की जगह सख्त गद्दे पर सोएं।
5. थोड़ी-थोड़ी देर बाद ब्रेक लें और टहलने के लिए जाएं। इससे कमर दर्द तो ठीक होता ही है साथ ही वजन भी कंट्रोल रहता है। ज्यादा समय एक ही पोजीशन में बैठने से बचें।
6. अजवाइन को थोड़ी देर धीमी आंच पर सेंक लें और ठंडा होने पर इसे चबाते हुए निगल जाएं। इसे खाने से कमर दर्द में राहत मिलती है।

# नकली घी खाने से बचें

**आजकल** हर जगह अधिकतर मिलावटी चीजें ही मिलती हैं। जिससे कुछ भी खरीदते वक्त मन में यह डर लगा रहता है कि खरीदी हुई चीज असली है या नकली। खासतौर पर देसी घी। देसी घी तो हड्डियों का चूरा, पशुओं की चर्बी, पाम तेल, और कुछ अन्य खतरनाक केमिकल्स को मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। जिसके हमें न जाने कितने भयानक परिणाम भुगतने पड़ते हैं। लेकिन आपकी इस बड़ी परेशानी को आज हम कुछ आसान तरीकों से सुलझा देगें।



### मिलावटी घी जानने के तरीके

1. एक चम्मच घी में 5 हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें। अगर घी लाल हो जाता है तो समझ जाए कि घी में कोलतार डाई मिलाई गई है।
2. एक चम्मच घी में चार-पांच ड्रॉप्स आयोडीन मिलाने पर इसका रंग नीला हो जाए तो समझ जाएं कि इसमें उबला आलू मिलाया गया है।
3. बाउल में एक-एक चम्मच घी,हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एक चुटकी चीनी मिलाएं। अगर घी का रंग बदलकर लाल दिखाई दें तो समझ जाएं कि इसमें डालडा मिला है।
4 .थोड़ा सा घी लेकर हाथ में रगडें, फिर इसे सूंघकर देखें। अगर कुछ ही देर में इसकी खुशबू आनी बंद हो जाए तो समझ जाएं की यह मिलावटी है।

# आखों की झुर्रियों से बचाव

बढ़ती उम्र के साथ-साथ आंखों के नीचे बारीक लकीरें आना शुरू हो जाती हैं। आंखों के नीचे की झुर्रियों से खूबसूरत चेहरा भी फीका लगने लगता है। यदि आप इनकी शुरूआत में ही इन पर पूरा ध्यान देंगी तो ये जल्द ही खत्म हो जाती हैं। आंखों पर बहुत लंबे समय तक सीधी धूप न पड़ने दें क्योंकि इससे उम्र तेजी से बढ़ने लगती है। बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनें।



**नारियल तेल :** नारियल के तेल की कुछ बूंदें लेकर धीरे से आंखों के आसपास मालिश करें। आंख के नीचे नारियल के तेल के नियमित उपयोग से त्वचा की बनावट में सुधार होता है और आंखों के नीचे पड़ने वाले घेरों को रोकने में मदद मिलती है आप नारियल के तेल में जैतून के तेल की कुछ बूंदों को मिलाकर भी अपनी त्वचा की मालिश कर सकते हैं। **रोज़मेरी तेल :** झुर्रियों की जगह पर रोज़मेरी तेल की कुछ बूंदें लगाएं और ऊपर की दिशा में मालिश करें। 15 मिनट के बाद धो लें। यह तेल आंखों के नीचे की झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। **खीरा :** त्वचा में नमी की कमी होने पर कभी-कभी आंखों के नीचे झुर्रियां हो जाती है। इन्हें ठीक करने के लिए खीरे का रस निकाल कर आंखों के आस-पास लगाएं। इससे त्वचा की नमी बनी रहेगी और झुर्रियां ठीक हो जाएंगी।

# शरीर की दुर्गंध से प्राकृतिक चीजो का उपयोग



शरीर की दुर्गंध दूर करने के लिए कई लोग डियो का इस्तेमाल करते हैं। सर्दियों में तो इसकी इतनी जरूरत नहीं पड़ती लेकिन गम्रियों में डियो लगाना बहुत जरूरी हो जाता है। कई बार डियो खत्म हो जाए और कहीं बाहर पार्टी में जाना पड़े तो बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में कुछ घरेलू चीजों का ही इस्तेमाल करके काम चलाया जा सकता है। इसके अलावा कई लोगों का डियो की सुगंध से सिर दर्द होने लगता है तो वह भी इन तरीकों से शरीर की दुर्गंध दूर कर सकते हैं। आइए जानिए किन घरेलू चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### नींबू

रोजाना नहाने के समय अपनी पानी की बाल्टी में नींबू का रस मिलाएं। इस पानी से नहाने से सारा दिन फ्रेश फील करेंगे और बदबू भी दूर होगी। इसके अलावा अचानक कहीं बाहर जाना हो और डियो खत्म हो जाए तो नींबू को काटकर उसे अंडरआर्म पर रगड़ना चाहिए।

### हैंड सैनीटाइजर

डियो की जगह हैंड सैनीटाइजर को भी अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं इससे बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगें और बदबू नहीं आएगी।

### बेकिंग सोडा

2 चम्मच बेंकिंग सोडा और समान मात्रा में कार्न स्टार्च को मिलाकर अंडरआर्म्स पर लगाने से भी फायदा होता है। इससे दुर्गंध दूर हो जाती है।



यह एक तरह का एस्ट्रिजैंट होता है जो चेहरे को साफ करने का काम करता है। यह एक खास तरह के फूल से बनता है जो काफी सुगंधित होता है। इसको भी डियो की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

# भोजन में बदलाव कई मायने में लाभकारी

सहतमंद रहने के लिए अच्छे खानपान का होना बहुत जरूरी है। आजकल जहां कई लोग मोटापे से परेशान है तो वहीं कुछ कम वजन से परेशान रहते हैं। लोगों का सोचना है कि वजन बढाना बहुत आसान है। फास्ट फूड का सेवन करके आसानी से वजन बढ. जाता है लेकिन यह तरीका गलत है। वजन बढाने के साथ स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। अगर आप अपना वजन बढाना चाहते है तो डाइट में इन चीजों को शामिल करें।

### चीज

चीज में भरपूर मात्रा में वसा पाई जाती है जो वजन बढाने में मददगार है। अपने खाने में चीज. का इस्तेमाल करें। इससे स्वाद और वजन दोनों ही बढेग़ा।

### सूखे मेवे

सूखे मेवों में पोषक तत्व उचित मात्रा में पाए जाते है। अपनी डाइट में बादाम, किशमिश और काजू आदि को शामिल करें।

### वसा युक्त दूध

यह कैलोरी से भरपूर होता है। इसे ओटमील या फिर चॉकलेट डालकर पी सकते है। वजन बढाने के लिए रोज 1 गिलास वसा युक्त दूध का सेवन करें।

### आलू

आलू का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। लोग वजन कम करने के लिए इसे खाना बंद कर देते है। वहीं, अगर वजन बढाना चाहते है तो इसका सेवन करें। आलू को छिलके समेत खाएं। इसके छिलके में प्रोटीन अधिक होता है।

### पास्ता

पास्ता टेस्टी होने के साथ पौष्टिक भी है। इसमें सब्जियां मिलाकर पकाएं। इसे खाने से भी वजन बढत़ा है। इसमें आवशयक पौषक तत्व होते है।

कई लोगों को पान खाना पसंद है लेकिन आजकल की जनरेशन को लगता है कि इससे सिर्फ गंदगी फैलती है। वैसे दिनभर पान चबाना अच्छी बात नहीं। आज हम आपको पान को अलग तरीके से इस्तेमाल करने के बारे में बताएंगे। दरअसल, ब्यूटी के लिए पान बहुत फायदेमंद है। यह स्किन और बालों की कई समस्याओं को दूर करता है। आइए जाने इसके ब्यूटी फायदे।

### मुंह की बदबू

मुंह में आने वाली बदबू हमें दूसरों के सामने शिंमदा कर देती है। अगर आप भी इससे परेशान है तो खाना खाने के बाद पान के पत्ते का सेवन करें। इससे मुंह से बदबू नहीं आएगी।

### पिपल्स

पिंपल्स को दूर करने के लिए पान के पत्ते बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद तत्व पिंपल्स से राहत दिलाते है। इसके पत्तों को पानी में उबाल कर काढा बना लें। ठंडा होने पर कॉटन की मदद से इसे चेहरे पर लगाएं। ऐसा दिन में दो बार करें।



### पसीने की बदबू

पसीने की बदबू से राहत पाने के लिए पान के पत्तों का इस्तेमाल करें। इसके पत्तों को उबाल कर जूस निकाल लें और इस जूस को नहाने के पानी में मिलाएं।

### एलर्जी

स्किन पर एलर्जी होने पर पान के पत्तों का इस्तेमाल करें। पान के पत्तों का रस निकालकर एलर्जी वाली जगह पर लगाएं। आप चाहें तो इसे नहाने के पानी में भी मिला सकते है।

### झड़ते बाल

आजकल अधिकतर लड़कियां झड़ते बालों से परेशान रहती है। ऐसे में पान के पत्ते को नारियल तेल में मिक्स करके बालों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। हफ्ते में 2 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।